वर्ष- 21 अंक - 211 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

मकर संक्रांति की शुभकामनाएं

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, बुधवार 14 जनवरी 2026



## कड़ाके की ठंड में आस्था की डुबकी...

**बुधवार.एजेंसी।** देशभर में आज मकर संक्रांति का पर्व मनाया जा रहा है। कुछ लोग कल भी यह पर्व मनाएंगे। इस मौके पर आज सुबह से ही पवित्र नदियों में आस्था की डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। गंगासागर में संक्रांति के दिन हर साल लाखों लोग उमड़ते हैं। आज भी यहां भारी भीड़ है। प्रयागराज में माघ महीने के दौरान आज एकादशी और संक्रांति के महासंयोग के मौके पर संगम पर आधी रात से ही भक्तों का रैला उमड़ रहा है। सुबह 6 बजे तक यहां 10 लाख लोग डुबकी लगा चुके थे। हरिद्वार, उज्जैन, ओंकारेश्वर में भी सुबह से ही लाखों लोग डुबकी लगा रहे हैं।



## बांग्लादेश में 100 से ज्यादा हिन्दुओं की हत्या

**ढाका.एजेंसी।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों खासकर हिंदुओं के खिलाफ



हिंसा को लेकर एक बेहद गंभीर रिपोर्ट सामने आई है। ह्यूमन राइट्स कांग्रेस फॉर बांग्लादेश माइनॉरिटीज की जनवरी 2026 की शुरुआत में जारी रिपोर्ट के मुताबिक, 6 जून 2025 से 5 जनवरी 2026 के बीच 116 अल्पसंख्यक लोगों की हत्या कर दी गई। इनमें अधिकतर हिंदू समुदाय के लोग थे। मरने वालों में कुछ बौद्ध और ईसाई समुदाय के लोग भी थे। ये हत्याएं शेख हसीना का तख्तापलट करने के बाद हुई।

## मुंबई का बॉस कौन? बीएमसी के लिए वोटिंग कल

**मुंबई ● एजेंसी**

महाराष्ट्र की 29 नगर महानगरपालिकाओं के लिए प्रचार अभियान कल थम गया। कल गुरुवार को मुंबई महानगर निगम सहित 29 महानगर पालिकाओं के लिए मतदान होगा। इसके बाद शुक्रवार को मतगणना होगी। मुंबई का नया बॉस कौन होगा। इसका फैसला कल मतदान के जरिए हो जाएगा। यहां बीएमसी की सत्ता हासिल करने के लिए बीजेपी नीत महायुति और एकजुट ठाकरे मोर्चे के बीच कांटे की टक्कर है। बृहन्मुंबई नगर निगम की 227 सीटों और अन्य निकायों के चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मुंबई में 25 हजार से ज्यादा पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं।

## भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद के घर में लगी आग

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

राजधानी दिल्ली में स्थित बीजेपी के सीनियर नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद के घर पर आज सुबह आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। दिल्ली के लुटियंस जोन स्थित 21 मदर टेरेसा क्रिसेंट रोड पर रविशंकर प्रसाद का सरकारी आवास स्थित है। आग घर के एक कमरे में रखे बेड में लगी थी, जिसकी लपटें उठते देख तुरंत फायर ब्रिगेड को जानकारी दी गई। गनीमत यह रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

## 65 साल की महिला ने सहेली को मार डाला

**सीहोरी ● एजेंसी**

राजस्थान के सिरोही में 65 साल की महिला मधु ने अपनी सहेली कांतादेवी की हत्या कर दी। बात-बात में कांतादेवी ने मधु के केरेक्टर पर उंगली उठाई थी जिससे मधु को इतना गुस्सा आया कि उसने कांतादेवी को मौत के घाट उतार दिया। बीमार कांतादेवी का हाल जानने मधु उसके घर पहुंची। अपनी सहेली के साथ बैठकर चाय पी। इसी बीच मधु ने कांतादेवी पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। बाद में मधु ने अपने अपराध को छुपाने के लिए कांतादेवी के शरीर से जेवर उतार लिए और घर के सामान को बिखेरकर लूट का नाटक रच दिया।

## साउथ ब्लॉक नहीं, सेवा तीर्थ

### *आज से बदल जाएगा मोदी के दफ्तर का पता*

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

मकर संक्रांति के दिन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दफ्तर का पता बदलने वाला है। साउथ ब्लॉक में मौजूद पीएमओ अब 'सेवा तीर्थ' परिसर में ट्रांसफर हो सकता है। पीएमओ की सिर्फ जगह नहीं बदलेगी, काम करने का अंदाज भी नया होगा। मतलब अब, देश का शीर्ष प्रशासनिक तंत्र एक नए और आधुनिक परिसर से काम करेगा। 'सेवा तीर्थ' दारा शिकोह रोड (पहले डलहौजी रोड) पर बना है।



## चुनावी वादा पूरा करने के लिए 500 श्वान मार डाले

**हैदराबाद.एजेंसी।** तेलंगाना के दो जिलों में सात दिन के भीतर 500 आवारा कुत्तों की हत्या में अब यह खुलासा हुआ है कि चुनावी वादा करने के लिए इन कुत्तों की हत्या की गई। संबंधित गांवों के सरपंचों के इशारे पर इन कुत्तों को जहरीला इंजेक्शन देकर मारा गया। पिछले दो दिनों में ही 200 कुत्तों की हत्या की गई। यह मामला अब सुप्रीम कोर्ट में पहुंच चुका है।

## क्रेन गिरने से पटरी से उतरी ट्रेन, 22 की मौत, 30 घायल

**बुधवार.एजेंसी।** थाइलैंड में एक बड़े ट्रेन हादसे में 22 लोगों की मौत हो गई और 30 लोग घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब एक ट्रेन पर निर्माणाधीन साइड की क्रेन गिर गई। इसके बाद ट्रेन पटरी से उतर गई।

## फिर दिखे ड्रोन, सेना ने बरसाईं गोलियां

**राजोरी.एजेंसी।** जम्मू कश्मीर में राजोरी जिले के नियंत्रण रेखा से सटे इलाकों में मंगलवार शाम को फिर पाकिस्तानी ड्रोन देखे गए। सेना ने जवाबी कार्रवाई में गोलीबारी की, जिसके बाद ड्रोन गायब हो गए। यह रविवार को राजोरी, पुंछ और सांबा में ड्रोन देखे जाने के बाद दूसरी घटना है। उधर राजस्थान में भी इसी तरह के ड्रोन देखे गए।

## कबूतर को पीठ पर बैठाकर श्वान ने की हनुमानजी की परिक्रमा

**बिजनौर.एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में एक अनोखा और हैरान करने वाला मामला सामने आया। नगीना तहसील के नंदपुर गांव में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में एक कुत्ता तड़के सुबह से घंटों तक लगातार हनुमान जी की मूर्ति की परिक्रमा करता नजर आया। परिक्रमा कर रहे कुत्ते के ऊपर एक कबूतर बैठा हुआ था। कुछ समय बाद अचानक उस कबूतर की मौत हो गई। इसके बाद कुत्ते ने कुछ देर के लिए परिक्रमा रोक दी और रोता हुआ दिखाई दिया। थोड़ी देर बाद कुत्ते ने फिर से परिक्रमा शुरू कर दी।



## ईरान में 2400 मौत

### ट्रंप-नेतन्याहू मुख्य हत्यारे

**बुधवार.एजेंसी।** अमेरिका स्थित मानवाधिकार संगठन के मुताबिक, ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शन शुरू होने के बाद से कम से कम 2,403 प्रदर्शनकारियों की मौत हो चुकी है। मृतकों में 18 वर्ष से कम आयु के 12 पीड़ित भी शामिल हैं। 18,137 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ईरान ने इन मौतों के लिए ट्रंप को जिम्मेदार बताया और ट्रंप तथा इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को ईरानी लोगों का मुख्य हत्यारा बताया।





# कांग्रेस ने किया एक साथ 6 स्थानों पर सुन्दरकांड पाठ

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हनुमानजी के चित्र वाली पतंग उड़ाने के मुद्दे पर कांग्रेस ने कहा हनुमानजी हमारे लिए श्रद्धा, शक्ति और मर्यादा के आराध्य है और भाजपा ने हनुमानजी का चित्र पतंग में अंकित करवाकर उसे उड़ाया। भाजपा के शीर्ष नेताओं को धार्मिक विषयों पर सद्बुद्धि देने के लिए शहर कांग्रेस ने हर विधानसभा में जिम्मेदारी देकर सुन्दरकांड का पाठ कराया। विधानसभा 1 में दीपू यादव, धर्मेन्द्र मौर्य, वीजेन्द्रसिंह चौहान, विधानसभा 2 में चिंटू चौकसे, विधानसभा 3 में पिंटू जोशी, शैलू सेन, देवेन्द्र यादव, दानिश खान, गिरिश चितले, विधानसभा 4 में शैलेष गर्ग, संजय बाकलीवाल, जीतू शिंदेल, सुनील पाल, विधानसभा 5 में अमन बजाज, राऊ में जय हार्डिया ने यह आयोजन करवाए। इसके निर्देश शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने किए थे।

## पालदा आरटीओ रोड का काम अधूरा छोड़ ठेकेदार ग़ायब

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**रोज़ हज़ारों वाहन चालक हो रहे परेशान**

पालदा आरटीओ रोड पत्थर मुंडला पर चल रहा सड़क निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा अधूरा छोड़ दिए जाने से क्षेत्र में भारी अव्यवस्था फैल गई है। सड़क के बीचों-बीच खुदाई और अधूरे निर्माण के कारण रोज़ाना हज़ारों वाहन चालकों को जाम, धूल और दुर्घटना के खतरे से जूझना पड़ रहा है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई दिनों से न तो काम जारी है और न ही ठेकेदार का कोई प्रतिनिधि मौके पर दिखाई दे रहा है। विशेषकर सुबह और शाम के व्यस्त समय में यातायात पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो जाता है। रहवासियों का आरोप है कि निर्माण एजेंसी की लापरवाही के चलते स्कूल बसों, एंबुलेंस और ऑफिस जाने वाले कर्मचारियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द कार्रवाई कर सड़क निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

## कांग्रेस नेता कोली बने कोली समाज के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। कोली समाज के राष्ट्रीय पदाधिकारी वीरेन्द्र कश्यप और डीपी शंखवार की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष महेश उमरैया ने प्रदेश इकाई की घोषणा की। इंदौर के प्रकाश महावर कोली को प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया है। इकाई में सभी पदाधिकारियों की अलग-अलग नियुक्तियां की गई है। इनमें प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश वर्मा दानिश, प्रदेश सचिव नरसिंह कुन्डलवाल, समन्वयक ओमप्रकाश धीमान, कार्यकारिणी में देवीशंकर कोटिया, गणेश वर्मा, नवीन चौधरी को भी लिया गया है। इस तरह प्रदेश की कोली समाज की इकाई में इंदौर के अच्छेखासे समाजजन पदाधिकारी बनाए गए हैं। कई समाजजनों ने बधाई दी है।





## सिंधी समाजजनों के बीच रही विधायक गौड़

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। सिंधी समाजजनों ने खासतौर से मातृशक्तियों ने कल लाललोई माता की आराधना घरों में भी की और फिर पर्व सामूहिक रूप से भी मनाया गया। सिंधी बाहुल्य क्षेत्रों में आराध्य देव झूलेलालजी की आरती भी हुई, लाललोई माता का पूजन कर महोत्सव मनाया गया। सिंधी छेज और गीत संगीत का आयोजन भी किया गया। कंडों से लाललोई जलाकर पूजन किया गया। लाड़काना नगर में युवा संगठन और सिंध रक्षक संगठन के आयोजन में विधायक मालिनी गौड़, पार्षद कंचन गिदवानी, नरेश फुंदवानी, विशाल गिदवानी, सरिता मंगवानी सहित अन्य भाजपाई और सिंधी समाजजन मौजूद रहे।



## विधायक ने समस्या सुनकर कहा समाधान भी होगा

**स्थानीय मुद्दों पर अब जनप्रतिनिधि भी सुनने लगे बात, वार्ड में हुआ जनसंवाद**



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

राऊ विधानसभा के वार्ड 79 ज़ोन 21 अंतर्गत सहकार नगर, आनंद फार्म एवं केट चौराहे क्षेत्र में क्षेत्रीय विधायक मधु वर्मा क्षेत्र भ्रमण पर पहुंचे। वर्मा ने क्षेत्रवासियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। स्थानीय नागरिकों ने सड़क, साफ़-सफाई, जल निकासी, पेयजल सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। विधायक मधु वर्मा ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने की बात कही और कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है। वार्ड अध्यक्ष मनोहर व्यास एवं क्षेत्रीय पार्षद संजय वर्मा भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी नागरिकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और समाधान में पूरा सहयोग देने का भरोसा दिलाया। विधायक के आगमन से क्षेत्र में सकारात्मक माहौल देखने को मिला। जनता ने जनप्रतिनिधियों द्वारा मौके पर पहुंचकर समस्याएं सुनने की पहल की सराहना की और उम्मीद जताई कि जल्द ही समस्याओं का समाधान होगा। अब स्थानीय मुद्दों पर भी जनप्रतिनिधि रहवासियों से संवाद कर समस्याएं सुन रहे है।

# जनसुनवाई में आए रहवासियों से की महापौर और आयुक्त ने चर्चा

### फलबाग स्थित संपवेल निर्माण कार्य का किया अवलोकन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



अब स्वच्छ पानी को लेकर भी जनप्रतिनिधि और अधिकारी अलर्ट है। कल निगम ने शहर के समस्त 85 वार्डों में स्थित पेयजल टंकी पर जल सुनवाई जनता के बीच की। महापौर पुष्यमित्र भार्गव और निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने भी जल सुनवाई स्थल का निरीक्षण किया। स्वच्छ जल अभियान अंतर्गत जल सुनवाई में भी महापौर और आयुक्त ने बिलावली झोन परिसर एवं वार्ड क्रमांक 78, बिजलपुर स्थित पेयजल टंकी परिसर में आयोजित जल सुनवाई में मौजूद रहे और उन्होने जनता से चर्चा भी की। इस दौरान एमआईसी सदस्य अभिषेक शर्मा, पार्षद ओ.पी. आर्य,अपर आयुक्त आशीष कुमार पाठक भी मौजूद रहे। प्राप्त शिकायतों पर जानकारी लेकर अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित भी किया गया और कहा कि पेयजल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो तथा नागरिकों को नियमित एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए। इसके पश्चात महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा ए.बी. रोड के समीप स्थित फलबाग क्षेत्र में निर्माणाधीन सम्पवेल के कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से कार्य की प्रगति, तकनीकी स्थिति एवं समय-सीमा की जानकारी ली गई। विदित हो कि फलबाग क्षेत्र में निर्माणाधीन इस सम्पवेल के पूर्ण होने पर लगभग 3 करोड़ लीटर से अधिक जल का संग्रहण संभव होगा। वर्तमान में पश्चिमी क्षेत्र के अन्नपूर्णा, द्वारकापुरी, राजेन्द्र नगर, प्रगति नगर सहित ऊँचाई पर स्थित कई क्षेत्रों में जलापूर्ति के दौरान तकनीकी कठिनाइयाँ उत्पन्न होती हैं, जिसके कारण इन क्षेत्रों की पेयजल टंकियाँ अपनी पूर्ण क्षमता से नहीं भर पाती हैं। फलबाग क्षेत्र में निर्मित हो रहे इस सम्पवेल से संग्रहित जल को ऊँचाई पर स्थित लगभग 10 प्रमुख पेयजल टंकियों तक पहुँचाया जाएगा।

## ईडब्लूएस की संपत्ति हड़पने वाली गैंग को सरकारी संरक्षण-कांग्रेस

### नीतियों का हो रहा दुरुपयोग

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने आरोप लगाया कि गरीब और कमजोर, निम्न आय वर्ग के नाम पर सम्पत्ति हड़पने वालों को सरकारी संरक्षण मिला हुआ है। निजी कालोनियों और सरकारी कालोनियों में भी निश्चित प्रतिशत में भूखण्ड, फ्लैट, मकान आरक्षित किया जाता है। पात्रता सूची में निम्न आय वर्ग का होना आवश्यक है। इसमें नियम है कि निम्न आय वर्ग के व्यक्ति के नाम कहीं भी सम्पत्ति नहीं होना चाहिए। इस मामले में प्राधिकरण अपनी लीज डीड में बंधन रखता है बेचने पर नामांतरण नहीं करता। मप्र में कमजोर आय वर्ग एवं निम्न आय वर्ग का सर्टिफिकेट बनाने का सरकारी संरक्षण में खेल चल रहा है तथा भाजपा नेताओं के संरक्षण में फल-फूल रहा है। कमजोर निम्न आय वर्ग के नाम पर आरक्षित भूखण्ड, फ्लैट, मकान आदि इस गैंग व्दारा हथियाकर फिर इसे बाजार में बेचकर अन्य जगहों पर लिया जाता है। ई-रजिस्ट्रेशन में कमजोर निम्न आय वर्ग की सूची संलग्न की जाती है परंतु वह रजिस्ट्री का हिस्सा नहीं होती, बिल्डर, कालोनाइजरों व्दारा दस्तावेज में इसके अंतरण की रोक समया अवधि का उल्लेख नहीं किया जाता, फ्लैट, मकान, प्लाट आरक्षित वर्ग का है सूचना पटल नहीं लगाया जाता है फलस्वरूप यह आरक्षित संपतियों को अन्य लोगों व्दारा खरीदा जा रहा है। मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता एड्वोकेट प्रमोद कुमार व्दिवेदी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने जहां एक ओर गंदी निर्मूलन अधिनियम का माखौल उड़ाया है तो वहीं अब कमजोर निम्न आय वर्ग के हितों पर कुठाराघात कर रही है।

# पतंगबाज और परिजनों की छतों पर दोपहर बाद शाम तक दिखेगी भीड़

## सुबह से दान-पुण्य और प्रभु दर्शन के साथ भगवान सूर्य की आराधना

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भगवान सूर्य की दिशा परिवर्तन का आज महत्वपूर्ण दिन है, आज भगवान सूर्य के साथ उनके पुत्र शनिदेव को भी याद किया जा रहा है। ग्रह परिवर्तन के साथ दिशा परिवर्तन को लेकर यह मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाता है। आज सुबह से दान-पुण्य और प्रभु दर्शन के साथ भगवान सूर्य के दर्शन कर जल अर्पण किया जा रहा है। आज हरे छोड़ लेकर लोग गौशाला पुण्य कमाने पहुंच रहे हैं। वहीं कमजोर वर्ग के लोगों को भी दान दिया जा रहा है। घरों में आज तिल, गुड़, घेवर, फेनी की मिठाई का उपयोग किया जा रहा है। कई घरों में आज दाल-बाटी बन रही है, किसी समय सुबह 6 बजे से ही पतंगबाजी का दौर शुरू हो जाता था। मल्हारगंज में जरूर सुबह कुछ पतंगबाजी का असर दिखा, लेकिन मुख्य पतंगबाजी दोपहर से लेकर शाम तक होगी। आज घर की छतों पर महिलाएं भी परिजनों के साथ पहुंचती है। नाश्ता भी छतों पर किया जाता है, डीजे लगाकर नृत्य भी होता है और आज शाम जलते हुए दीपक भी पश्चिम क्षेत्र में आकाश में नजर आएंगे, खासतौर से मल्हारगंज क्षेत्र में यह काम होता है। पतंगबाजी का बड़ा असर पश्चिम क्षेत्र के मल्हारगंज, कालानी नगर एरोड्रम रोड और आसपास की कालोनियों में देखा जा रहा है, वहीं स्कीम नं. 71, द्रविड़ नगर, राजमोहल्ला, बियाबानी में भी पतंग उड़ती देखी जा रही है। वहीं कई लोग आज सुबह से गिल्ली-डंडा और पुराने सितोलिया के आयोजन भी कर रहे हैं। कुल



मिलाकर आज मकर संक्रांति का दिन भगवान सूर्य की दिशा परिवर्तन के साथ शुरू हो रहा है। आज मलमास का भी अंतिम दिन है और अब कल से मलमास भी समाप्त हो जाएगा और मांगलिक कार्यक्रम भी मुहूर्त के मुताबिक शुरू हो जाएंगे। विद्वानों के मुताबिक आज दोपहर 3 बजे से भगवान सूर्य अपने पुत्र शनिदेव के ग्रह में प्रवेश करेंगे और मकर संक्रांति का पर्व भी पूजा का दोपहर 3 बजे से ही माना जा रहा है, लेकिन पतंग और दान-पुण्य की शुरूआत आज सुबह से हो चुकी है। कई लोग आज सुबह से पवित्र नदियों के स्नान करने भी निकले है, इनमें माँ नर्मदा और क्षिप्रा का स्नान शामिल है। वहीं जो लोग मुहूर्त में स्नान करते हैं वे आज दोपहर से लेकर कल दोपहर तक पवित्र नदियों में स्नान करेंगे। कुल मिलाकर तिथियों की घट-बढ़ से भी धार्मिक कार्य प्रभावित होते हैं वह असर आज सुबह भी देखने को मिला, जब पूजा की मकर संक्रांति आज दोपहर से कल दोपहर तक मानी जा रही है।



## सिंधु नगर में सिंधी समाजजनों ने मनाया लाललोई पर्व

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। नमो-नमो शंकरा परिवार और भारतीय सिन्धू सभा युवा शाखा द्वारा सिंधु नगर में सिंधी समाजजनों ने कल लाललोई लोहड़ी पर्व मनाया। बड़ी संख्या में सिंधी समाजजन मौजूद रहे। अध्यक्ष पंकज फतेहचंदानी, योगेश वाधवानी ने बताया कि सिंधी समाज की परम्परा अनुसार आयोजन कर गीतों और सांस्कृतिक एवं प्रसाद का आयोजन किया गया।

## चाइना डोर से पतंगबाजी करने वालों को पीटकर पुलिस के हवाले करेंगे

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। कांग्रेस नेता और आगे लाओ मिशन के संस्थापक ज़ीतू दीवान ने कहा कि मकर संक्रांति की छुट्टी प्रदेशभर में होना चाहिए। इंदौर में जिला प्रशासन ने स्कूलों की छुट्टी घोषित की है और पुलिस ने चाइना मांझा पर प्रतिबंधित कर दिया है। संस्था ने कांग्रेस के 101 सदस्यों को निगरानी दल के रूप में तैनात किया है जो लोग चाइना डोर से पतंग उड़ाएंगे उनकी मौके पर पिटाई की जाएगी और पुलिस के हवाले किया जाएगा। दीवान ने कहा कि शहर में चोरी-छिपे चाइना मांझा बेचने का व्यापार किया जा रहा है, कुछ लोगों की चाइना मांझा से जान भी गई है। आज सुबह से कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग विधानसभाओं के वार्डों में निगरानी रखना शुरू कर दी है। उक्त पूर्ण जानकारी जीतू दीवान ने दी।

## भाजपाई कराएंगे चाइना डोर मिलने पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा

### पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को दी मोहल्ला अनुसार जवाबदारी

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। एमआईसी सदस्य राजेश उदावत और भाजपा नेता शैलेन्द्र महाजन ने बताया कि जहां भी चाइनीज डोर बेची जा रही है या उससे पतंग उड़ाई जा रही है तो उनके खिलाफ आज भाजपाई निगाह रख रहे हैं और भाजपा कार्यकर्ता उनके खिलाफ थाना में गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज करवाएंगे। आज सुबह से कार्यकर्ता तैनात किए गए, जो शाम तक पतंगबाजी करने वालों की डोर पर निगाह रखेंगे और मौत की डोर मिलने पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कराएंगे, अगर कोई नाबालिग पतंग चाइना डोर से उड़ाना मिला तो उनके अभिभावक के खिलाफ भी प्रकरण दर्ज कराया जाएगा। इसके लिए कालोनी और मोहल्लों में कार्यकर्ताओं को जवाबदारी दी गई है। इनमें प्रमुख रूप से तिलक नगर होलासराय सोनी, दीपेश पालवीया, कनाडिया मेन-रोड़ तीरथपाल यादव, मनीष सोनकर, संविद नगर विकास यादव, पंकज चौहान, गोयल नगर पवन भार्गव, राकेश जैन, वंदना नगर विक्रम शेखावत, साईंनाथ कालोनी शीतल थोरात, महावीर नगर प्रवीण जैन, प्रमोद बिलाला, बख्तावरराम नगर कन्हैया जोशी, नागेश पाई, विनोबा नगर विश्वजीत चौहान, लता क़ैथवास, सोनू कैथवास को दी है।

## सिख समाज से जुड़े कांग्रेस नेता ने परिवार के साथ मनाया लोहड़ी पर्व

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। कांग्रेस नेता और शेर-ए-खालसा युवा संगठन के अध्यक्ष सन्नी राजपाल ने बताया खातीवाला टैंक स्थित निवास पर लोहड़ी पर्व मनाया गया। यह पर्व सिख समाज एवं अन्य समाजों द्वारा भी बड़े प्यार और सत्कार के साथ मनाया जाता है। इस दौरान परिजन और निकट के लोग भी एकत्रित हुए। पारम्परिक गीत-संगीत के साथ नृत्य भी किया गया। नवविवाहित जोड़े और नए जन्म लेने वाले बच्चों की भी इस दौरान मौजूदगी रही। शाम को पवित्र अग्नि जलाई गई, जिसकी परिक्रमा भी की गई। प्रसाद का वितरण भी किया गरया। कांग्रेस नेता देवेंद्र सिंह यादव, गिरीश चितले एवं सन्नी राजपाल, विकास सोनी, दिव्यांश खत्री, किशोर खत्री, कमल तलवार, वंशराज सिंह राजपाल, अविनूर सिंह राजपाल उपस्थित थे।



## नकूल नाथ के साथ कांग्रेसी भी जा रहे हैं राजपुर

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। पूर्व सांसद नकुल नाथ समाचार लिखे जाने तक इंदौर विमानतल पर पहुंच रहे हैं वे यहां से हेलीकाप्टर से राजपुर पहुंच रहे हैं, जहां विधायक बाला बच्चन की पुत्री के निधन पर शोक जताएंगे और वहां से वापस इन्दौर आकर दोपहर 1.30 बजे फिर छिंदवाड़ा जाएंगे। इस दौरान कुछ कांग्रेस नेता भी उनके साथ राजपुर तक जाएंगे और वापस आएंगे।

## भागीरथपुराकांड का असर... आज किसी भी विधायक का संक्रांति उत्सव नहीं

### विधानसभा 2 में होने वाला कार्यक्रम किया निरस्त

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई 23 लोगों की मौत के बाद आज शहर की विधानसभा 1 और 2 में मकर संक्रांति को लेकर कोई कार्यक्रम नहीं हो रहा है। विधानसभा 2 में यह कार्यक्रम तय किया गया था, लेकिन आज सुबह इसे निरस्त कर दिया गया। वहीं विधानसभा 1 में भी कोई कार्यक्रम करने की योजना नहीं बनाई गई।

भागीरथपुरा में दूषित पानी के कारण हुई समस्या के बाद भाजपा द्वारा कोई बड़े आयोजन इन दिनों नहीं करवाए जा रहे हैं। आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अमृत 2.0 इन्दौर जल प्रदाय योजना का भूमिपूजन किया जाएगा। इसके अलावा मकर संक्रांति को लेकर शहर में कोई भी जनप्रतिनिधि कार्यक्रम आयोजित नहीं कर रहा है। गत वर्ष विधानसभा 1 का मकर संक्रांति उत्सव बाणेश्वर कुंड पर मनाया गया था, वहीं विधानसभा 2 का मकर संक्रांति उत्सव आईटीआई क्रिकेट ग्राउंड पर होना था। इसके अलावा विधानसभा 3 में भी कोई कार्यक्रम मकर संक्रांति को लेकर आज नहीं हो रहा है। कुल मिलाकर भागीरथपुर कांड का असर भाजपाई आयोजनों पर फिलहाल दिख रहा है।

# सिगरेट मंगवाने का विरोध करने पर सीनियर्स ने जूनियर छात्रों को पीटा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बाणगंगा थाना क्षेत्र स्थित ओरिएंटल कॉलेज में मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। कॉलेज के तीन सीनियर छात्रों ने जूनियर छात्रों पर सिगरेट और अन्य सामान मंगवाने का दबाव बनाया। जब जूनियर छात्रों ने उनकी बात मानने से इनकार कर दिया, तो आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए जमकर मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित छात्र की शिकायत पर तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बाणगंगा पुलिस के मुताबिक, मूल रूप से शाजापुर निवासी और वर्तमान में ओरिएंटल कॉलेज के छात्र प्रणव पिता पर्वत सिंह कटारिया (18) ने शिकायत दर्ज कराई है। प्रणव ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्तों केशव जोशी, शिवनारायण यादव और रोहन कुमार सिंह के साथ कॉलेज परिसर में था, तभी कॉलेज हॉस्टल में रहने वाले तीन सीनियर छात्र हरिहर पटेल, रितुराज सिंह राजपूत और तेहमीर खान वहां पहुंचे। आरोपियों ने धौंस जमाते हुए कहा कि 'हम लोग तुमसे सिगरेट या जो भी सामान मंगवाएंगे, वह तुम्हें लाकर देना पड़ेगा।' जब प्रणव और उसके दोस्तों ने सिगरेट लाने से साफ मना कर दिया, तो तीनों आरोपी भड़क गए। उन्होंने जूनियर छात्रों को गालियां देना शुरू कर दिया और उनके साथ मारपीट की। शोर-शराबा सुनकर जब वहां भीड़ जुटने लगी, तो आरोपी वहां से भाग निकले। जाते-जाते आरोपियों ने पीड़ित छात्रों को धमकाते हुए कहा कि 'आज तो बच गए हो, आइंदा अगर हमारा कहना नहीं माना तो जान से खत्म कर देंगे।'

## प्लॉट बेचने की बात पर बड़े भाई ने छोटे को जमकर पीटा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में संपत्ति विवाद को लेकर रिश्तों के कत्ल की कोशिश और मारपीट का मामला सामने आया है। दो प्लॉटों में से एक को बेचने की बात को लेकर सगे भाइयों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि बड़े भाई ने अपने छोटे भाई को सरेराह गालियां दीं और उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी भाई के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, घटना अमर पैलेस कॉलोनी की है। यहाँ रहने वाले विजय पिता सुनील शर्मा ने थाने पहुँचकर अपने बड़े भाई जितेंद्र शर्मा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि उनके पास दो प्लॉट हैं। विवाद उस समय शुरू हुआ जब एक प्लॉट को बेचने की बात सामने आई। इसी बात को लेकर आरोपी भाई आवेश में आ गया और अपने छोटे भाई के साथ अभद्र व्यवहार करने लगा। विवाद के दौरान आरोपी ने फरियादी को गालियां दीं और जब फरियादी ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं, आरोपी जितेंद्र ने अपने छोटे भाई को सरेआम जान से मारने की धमकी भी दी।

## कुल्हाड़ी मांगने के बहाने घर आए पड़ोसी ने की युवती के साथ अश्लील हरकत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ छेड़छाड़ का शर्मनाक मामला सामने आया है। मोहल्ले में ही रहने वाला एक व्यक्ति कुल्हाड़ी मांगने के बहाने युवती के घर में घुसा और उसे अकेला पाकर बुरी नीयत से हाथ लगाकर अश्लील हरकत करने लगा। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, 20 वर्षीय पीड़िता ने थाने पहुँचकर आरोपी गुलाब सिंह पिता करतार नायक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी उसके मोहल्ले में ही रहता है और उसे 'अंकल' कहकर संबोधित करती है। घटना के समय पीड़िता अपने घर पर अकेली थी, तभी गुलाब सिंह वहां आया और बहाने से घर में रखा कुल्हाड़ी मांगने लगा।इसी दौरान आरोपी ने मौका पाकर बुरी नीयत से युवती से छेड़छाड़ करने लगा। युवती के विरोध करने और शोर मचाने पर आरोपी वहां से भाग निकला।

## किसान ने फांसी लगाकर दी जान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

गांधी नगर थाना इलाके के एक गांव में किसान द्वारा आत्महत्या करने का दुखद मामला सामने आया है। 35 वर्षीय किसान ने मंगलवार शाम अपने घर में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना उस समय उजागर हुई जब उसकी पत्नी और बच्चे खेत से काम कर घर वापस लौटे।

मृतक की पहचान अर्जुन पिता रामरतन मकवाना(35) के रूप में हुई है। अर्जुन के परिजनों ने बताया कि वह शुरू से ही खेती-किसानी का काम करता था। मंगलवार को वह खेत पर ही था और परिजनों से यह कहकर घर आया था कि वह लाइट सुधारने जा रहा है। शाम के समय आसपास के लोगों ने भी उसे लाइट सुधारते हुए देखा था। शाम करीब 7 बजे जब उसकी पत्नी और बेटी खेत से घर पहुँचे, तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी आवाज देने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला, तो अर्जुन के बड़े भाई को बुलाया गया। दरवाजा तोड़कर जब परिजन अंदर दाखिल हुए, तो अर्जुन फंदे पर लटका हुआ मिला। उस समय उसकी सांसें चल रही थीं, जिसके बाद परिजन उसे आनन-फानन में गाड़ी से अस्पताल लेकर भागे। हालांकि, अस्पताल पहुँचते ही डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।अर्जुन के परिवार में उसकी पत्नी के अलावा एक बेटा और एक बेटी है। बताया जा रहा है कि अर्जुन के माता-पिता वर्तमान में धार में हैं, जहाँ उसकी माँ का इलाज चल रहा है। अर्जुन ने आत्महत्या जैसा कदम क्यों उठाया, इसका खुलासा फिलहाल नहीं हो सका है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। गांधीनगर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और परिजनों के बयान दर्ज कर आत्महत्या के कारणों की तलाश कर रही है।



### 105 गट्टे के साथ धराया युवक

शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी पुलिस चाइना डोर को लेकर सक्रिय है। महू पुलिस ने अमितेश उर्फ कन्नू पिता सोहनलाल चौरसिया को पकड़ा। पुलिस ने आरोपी से 105 प्रतिबंधित चाइना डोर के गट्टे जब्त किए।

## पुलिस का मेगा सर्च ऑपरेशन, 12 थानों ने एक साथ दी दबिश सैकड़ों रील प्रतिबंधित मांझा जब्त, कई आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर।** मकर संक्रांति के पर्व पर जानलेवा चाइनीज और नायलॉन मांझे के इस्तेमाल को रोकने के लिए इंदौर पुलिस ने पूरे शहर में अब तक की सबसे बड़ी संयुक्त कार्रवाई की है। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने एक साथ 12 थाना क्षेत्रों में दुकानों, फुटपाथों और घरों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में खतरनाक मांझा बरामद किया। इस व्यापक अभियान के दौरान पुलिस ने दर्जनों आरोपियों को हिरासत में लेकर उनके विरुद्ध बीएनएस और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किए हैं। राऊ पुलिस ने सिलीकान सिटी क्षेत्र में सघन चेकिंग चलाते हुए चार अलग-अलग स्थानों से आरोपियों को दबोचा और उनके पास से 36 रील मांझा जब्त किया। इसी तरह सदर बाजार पुलिस ने भिस्ती मोहल्ला में घेराबंदी कर एक आरोपी को रंगे हाथों प्रतिबंधित डोर बेचते हुए पकड़ा। गांधीनगर थाना पुलिस ने भी सक्रियता दिखाते हुए पटेल नगर क्षेत्र में अवैध मांझा विक्रय कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया। सबसे बड़ी कार्रवाई राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में हुई, जहां एक मंदिर के सामने स्थित दुकान से पुलिस ने 53 चरखियां बरामद कीं, जिनकी बाजार कीमत हजारों में बताई जा रही है। शहर के अन्य हिस्सों में भी पुलिस का सख्त पहरा दिखाई दिया।



संयोगितागंज पुलिस ने ऊषागंज स्कूल ग्राउंड के पास से दो आरोपियों को दबोचा, जबकि हीरानगर पुलिस ने गौरीनगर इलाके से छह बंडल प्रतिबंधित मांझा जब्त किया। बाणगंगा और छत्रीपुरा पुलिस ने भी अपने-अपने क्षेत्रों में हजारों रुपये कीमत का जानलेवा मांझा बरामद कर आरोपियों पर कानूनी शिकंजा कसा। अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में मंदिर के सामने फुटपाथ पर दुकान सजाए चार आरोपियों के कब्जे से 24 गट्टे चाइनीज मांझा मिला। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह अभियान मकर संक्रांति के दौरान लगातार जारी रहेगा और प्रतिबंधित मांझे के कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। छत्रीपुरा पुलिस ने क्षेत्र में पतंग दुकानों पर चैकिंग अभियान चलाया मुखबिर से प्राप्त सूचना पर समाजवाद इंदिरा नगर में चाइना डोर बेच रहा राहुल पिता अशोक भाटी धराया। पुलिस ने 21 कोण जब्त किए।

## बिना अनुमति हड़ताल और प्रदर्शन करना ई-रिक्शा चालकों को पड़ा महंगा, केस दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

एमजी रोड थाना क्षेत्र में बिना प्रशासनिक अनुमति के धरना-प्रदर्शन और हड़ताल करना ई-रिक्शा चालकों के लिए मुसीबत बन गया है। गांधी हॉल परिसर में अपनी मांगों को लेकर जमा हुए ई-रिक्शा चालक संघ के पदाधिकारियों और चालकों के खिलाफ पुलिस ने कानून के उल्लंघन का मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि इस प्रदर्शन के कारण क्षेत्र की यातायात व्यवस्था और सार्वजनिक शांति प्रभावित हुई थी।

एमजी रोड पुलिस के मुताबिक, बीती 12 जनवरी को सुबह 11 बजे से शाम 5:30 बजे के बीच गांधी हॉल क्षेत्र में बड़ी संख्या में ई-रिक्शा चालक एकत्रित हुए थे। ई-रिक्शा चालक संघ के अध्यक्ष राजेश बिडकर के नेतृत्व में चालकों ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन देने और हड़ताल की गतिविधियां शुरू कीं। हालांकि, जब पुलिस ने जांच की तो पता चला कि इस विरोध प्रदर्शन के लिए प्रशासन या संबंधित विभाग से कोई अनुमति नहीं ली गई थी। बिना अनुमति हुए इस प्रदर्शन के कारण गांधी हॉल के आसपास जाम की स्थिति बनी और आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ा। शासन की ओर से उप निरीक्षक दीपक कांबले की रिपोर्ट पर एमजी रोड पुलिस ने राजेश बिडकर, गोविंद शर्मा, सुरेश गुर्जर, आदित्य, रोहित यादव, विकास, महेश, कृष्णा और अन्य अज्ञात साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

# करोड़ों की फर्जी रजिस्ट्री कराने वाले भू-माफियाओं की दबंगई बुजुर्ग डॉक्टर दंपत्ति को दी जान से मारने की धमकी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

लसूड़िया थाना क्षेत्र में करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाले भू-माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्होंने अब बुजुर्ग डॉक्टर दंपत्ति को उनके ही घर में घुसकर जान से मारने की धमकी दी है। आरोपियों ने पीड़िता पर पुलिस केस वापस लेने का दबाव बनाया और कहा कि 'पुलिस हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकती।' पुलिस ने इस मामले में नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक फरियादी डॉ. राजरानी खरे (71), निवासी बालाघाट की शिकायत पर आरोपी रईस शेख,जावेद और जुनैद के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।फरियादी ने पुलिस को बताया कि उनका चिकित्सक नगर में प्लॉट नं. 148 पर भवन है। गत 13 दिसंबर को जब वह अपने पति डॉ. शिशिर खरे के साथ भवन परिसर में मौजूद थीं, तभी तीन व्यक्ति वहां पहुंचे। उनमें से एक ने अपना नाम रईस शेख बताया और साथ आए दो अन्य व्यक्तियों के नाम जावेद और जुनैद सामने आए। रईस ने धमकाते हुए कहा कि उसने यह प्रॉपर्टी ले ली है और डॉक्टर दंपति को अपना केस वापस लेना होगा, वरना उन्हें जान से मार दिया जाएगा।

### 1.70 करोड़ का फर्जी लोन ले चुके हैं आरोपी

डॉ. राजरानी खरे के अनुसार, ये वही आरोपी हैं जिन्होंने उनकी भूमि की दो फर्जी रजिस्ट्री तैयार की और अलग-अलग बैंकों से कुल 1 करोड़ 70 लाख रुपये का लोन हड़प लिया। इस धोखाधड़ी का खुलासा तब हुआ जब बैंक ने डॉक्टर दंपति के भवन पर नोटिस चस्पा किया। इस मामले में पुलिस ने हाल ही में रईस शेख और उसके साथियों के खिलाफ धोखाधड़ी और फर्जी रजिस्ट्री का केस दर्ज किया था।पीड़िता ने शिकायत में बताया कि आरोपियों ने डराते हुए कहा कि वे उन्हें नहीं जानते और पुलिस उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकती।

## ऑटो चालक का अस्पताल में तांडव, महिला कर्मचारी से बदसलूकी और ड्रेसिंग रूम में तोड़फोड़

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। बाणगंगा थाना क्षेत्र स्थित महाराणा प्रताप अस्पताल में एक ऑटो चालक ने जमकर उत्पात मचाया। ड्यूटी पर लाने-ले जाने की सुविधा बंद करने से नाराज चालक ने न केवल महिला कर्मचारी के साथ अभद्रता की, बल्कि अस्पताल स्टाफ को पीटते हुए ड्रेसिंग रूम का कांच भी तोड़ दिया। बाणगंगा पुलिस के मुताबिक, महालक्ष्मी नगर निवासी श्वेता जैन (37) जो कि महाराणा प्रताप अस्पताल में कार्यरत हैं। आरोपी सतीश जैन उर्फ गोलू के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। श्वेता ने बताया कि सतीश पहले उन्हें रोज ऑटो से अस्पताल लाने और ले जाने का काम करता था। दो-तीन दिन पहले उन्होंने उसे आने-जाने से मना कर दिया था, जिससे वह रंजिश पाले हुए था।कल दोपहर करीब 12:30 बजे आरोपी सतीश अचानक अस्पताल पहुँचा और श्वेता जैन को देखते ही आपा खो बैठा। उसने सरेराह महिला कर्मचारी को अश्लील गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर जब स्टाफ सदस्य सौरभ बंसल और गार्ड लालता प्रसाद बीच-बचाव करने आए, तो आरोपी ने उनके साथ भी हाथ-मुक्कों से मारपीट की। गुस्साए आरोपी यहीं नहीं रुका, उसने पास ही रखा एक लोहे का फुट-स्टेप (पायदान) उठाकर ड्रेसिंग रूम के गेट पर दे मारा। हमले में गेट का कांच चकनाचूर हो गया, जिससे अस्पताल की संपत्ति को नुकसान पहुँचा। घटना के बाद अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और मरीज व परिजन सहम गए।

# धार रोड पर निगम खर्च करेगा 3 करोड़

## गंगवाल बस स्टैंड से सिरपुर तक की सड़क को करेंगे चकाचक

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

इंदौर नगर निगम के द्वारा धार रोड की सड़क को बेहतर करने के काम पर 3 करोड रुपए की राशि खर्च की जाएगी। इस राशि से निगम के द्वारा धार रोड पर गंगवाल बस स्टैंड से लेकर सिरपुर तक की सड़क को चकाचक करने का काम किया जाएगा।

बारिश का मौसम समाप्त होने के बाद से नगर निगम के द्वारा शहर की सड़कों के गड्ढे भरने का काम शुरू करने के लिए तारीख पर तारीख दी जा रही है। अभी तक शहर की सड़कों के गड्ढे नहीं भराए हैं। अब नगर निगम के द्वारा उन सड़कों की चिंता पालने का काम भी शुरू कर दिया गया है जिनकी हालत बहुत ज्यादा खराब है और जहां पर यातायात का दबाव भी बहुत ज्यादा है। ऐसी सड़कों को लेकर नगर निगम के द्वारा अलग से योजना तैयार कर उस योजना के क्रियान्वयन की पहल की जा रही है। इसी कड़ी में नगर निगम के द्वारा धार रोड का भी चयन किया गया है। इस सड़क पर गंगवाल बस स्टैंड से लेकर सिरपुर तालाब तक के क्षेत्र को निगम के द्वारा चिन्हित किया गया है। इस क्षेत्र में जहां-जहां पर सड़क टूट गई है तो वहां पर सड़क की बेहतर तरीके से सीमेंट कंक्रीट कर मरम्मत करने का कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही सड़क के दोनों तरफ जो पेव्हर ब्लॉक लगे हैं उन्हें हटाकर उनके स्थान पर भी सीमेंट कंक्रीट किया जाएगा। नगर निगम की योजना शाखा के द्वारा इस कार्य को करने के लिए योजना तैयार कर ली गई है। इस योजना को मंजूरी भी दे दी गई है। इस बारे में तैयार किए गए विस्तृत प्रस्ताव के अनुसार इस कार्य पर 3 करोड रुपए की राशि खर्च होगी। इस कार्य को करने में 6 महीने का समय लगेगा। नगर निगम के द्वारा वर्षा काल सहित 6 महीने की अवधि में इस कार्य को करने के लिए ठेकेदार के चयन की प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है।

### ज्यादा यातायात वाला क्षेत्र

निगम के द्वारा 3 करोड रुपए खर्च कर जिस क्षेत्र में सड़क में सुधार करने के कार्य को अंजाम दिया जाएगा उस क्षेत्र को ज्यादा यातायात वाले क्षेत्र के रूप में पहचाना जाता है। इस क्षेत्र में शिरपुर से लेकर चंदन नगर चौराहा तक बड़ी संख्या में भारवाहक यानी कि ट्रक आदि की आवाजाही भी होती है। चंदन नगर चौराहा से यह ट्रक फूटी कोठी चौराहा की तरफ मुड़ जाते हैं। इसके साथ ही गंगवाल बस स्टैंड से धार, झाबुआ, अलीराजपुर और गुजरात की तरफ जाने वाली बसों का भी बड़ी संख्या में आने जाने का काम होता है। ऐसी स्थिति में इस स्थान पर सड़क को बेहतर करना आवश्यक हो गया है।

### गाड़ियां हिचकोले नहीं खाएंगी

निगम के अधिकारियों का मानना है कि इस क्षेत्र में सड़क में सुधार कर देने से एक तरफ जहां वाहन दुर्घटनाओं की संख्या कम हो जाएगी तो वहीं दूसरी तरफ इस क्षेत्र से गुजरने वाली गाड़ियों को हिचकोले नहीं खाना पड़ेंगे। अभी तो इस क्षेत्र में हालत इतनी खराब है कि जब बड़ी गाड़ी चलने लगती है तो वह गाड़ी इस कदर हिचकोले खाती है कि कई बार तो लगता है कि ऐसा ना हो की गाड़ी ही पलट जाएं।

### जीएनटी मार्केट के पहले मुख्य धार रोड पर धंसने लगी सड़क

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**



गंगवाल बस स्टैण्ड से धार रोड का मार्ग काफी चलने वाला मार्ग है, यह हाईवे भी है और लोकल मोहल्ला और बस्ती को भी मिलाता है। जीएनटी मार्केट के मुख्य गेट से कुछ ही दूरी पर मुख्य मार्ग डिवाइडर के पास बीयरबार के सामने धंसने लगा है। लोगों का कहना है कि यह धंसने वाला मार्ग कभी भी दुर्घटना को न्यौता दे सकता है और इससे कभी किसी की जान भी जा सकती है। क्योंकि दोनों तरफ से यह रोड ऊंचा हो चुका है और बीच में गड्डा हो चुका है और यहां से भारी भरकम वाहन भी निकलते हैं, किसी भी दिन गड्डा अन्दर हो जाएगा और वाहन उसमें लटक जाएगा ऐसी संभावना जताई गई।



## पीपली बजार में लगा देते है रिक्शा जाम

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शहर के मध्य जवाहर मार्ग और खजूरी बाजार को जोडने वाले व्यवसायिक क्षेत्र पीपली बाजार में आटो रिक्शा यातायात को जाम कर देते है, ई-रिक्शा और लोडिंग रिक्शा भी परेशानी का सबब यातायात बाधित कर देते है। इस भगवान महावीर मार्ग पीपली बाजार में कोई भी पुलिस कर्मियों की तैनाती नही होती है, इसलिए बेतरतीब वाहन पार्किंग और निकलने की जल्दी में जाम की स्थिति बनती है। कसेरा बाजार भी एकांगी मार्ग है लेकिन वहां भी रिक्शा अंदर तक चले जाते है, इससे व्यापारी भी परेशान है। जवाहर मार्ग के मुहाने पर पुलिसकर्मी तैनात रहते है लेकिन वे भी जाम की स्थिति के बाद भी वाहनों को अंदर जाने से रोकते नहीं है और खासतौर से शाम के समय कई बार वहां जाम की स्थिति बन जाती है। बर्तन बाजार, पीपली बाजार के व्यवसायी भी इन यातायात बाधित करने वाले रिक्शा से परेशान है। इस मामले में जल्द पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन दिया जाएगा।



## गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर रिहर्सल

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

गणतंत्र दिवस का मुख्य आयोजन नेहरू स्टेडियम में 26 जनवरी को होगा। इस आयोजन को लेकर जहां कलेक्टर शिवम वर्मा ने कल बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे वहीं आज सुबह से गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में होने वाले आयोजन को लेकर रिहर्सल भी शुरू हो गई।

## फोटोग्राफी एग्जिबिशन तीन दिनों तक लगेगी

### पहली बार चिकित्सक करा रही हैं इस तरह का आयोजन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** फोटोग्राफी एग्जिबिशन का आयोजन बर्ड इन फोकस पर 16 से 18 जनवरी तीन दिनों तक किया जाएगा। एमजीएम मेडिकल कॉलेज की प्रोफेसर डॉ. शिखा घनघोरिया इस प्रदर्शनी की प्रस्तुति करवा रही है। माइक्रो लेंस तकनीक से की गई बर्ड फोटोग्राफी न केवल तकनीकी रूप से उत्कृष्ट है, बल्कि प्रकृति से जुड़ाव, मानसिक सुकून और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संदेश भी देती है। शहर की पहली बर्ड फोकस फोटोग्राफी एग्जिबिशन को चिकित्सक द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी को देखने के लिए घनघोरिया ने आम लोगों को भी अवलोकन करने और मार्गदर्शन देने की अपील भी की है। कई चिकित्सकों ने इस तरह की पहली बार लगने वाली एग्जिबिशन को लेकर बधाइयां भी डॉ. शिखा घनघोरिया को दी है।

# भागीरथपुरा की सकरी गलियों में 300 फीट लंबे पाइप से जल सप्लाई

## नगर निगम आयुक्त बोले रहवासी टैंकर का पानी पीने के लिए करें उपयोग

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** नगर निगम ने भागीरथपुरा क्षेत्र के उन रह वासियों की परेशानी को दूर करने का प्रयास किया है जो सकरी गलियों में रह रहे हैं इन गलियों में नर्मदा पानी के टैंकर नहीं पहुंच पा रहे थे जिसके कारण लोग अपने निजी बोरिंग का पानी पी रहे थे इसके निराकरण के लिए नगर निगम अब गलियों के बाहर टैंकर खड़ा करके 300 फीट तक लंबे पाइप से पानी दे रहा है ताकि प्रत्येक गली के घर में साफ पानी पहुंचे। निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने बताया कि बोरिंग के पानी का उपयोग पीने के लिए फिलहाल नहीं किया जाए क्योंकि शासकीय बोरिंग जांच के दौरान 80 प्रतिशत बोरिंग का पानी पीने योग्य नहीं है इसके क्लोरिनेशन की प्रक्रिया जारी है रिपोर्ट आने के बाद ही बोरिंग के पानी को पीने की अनुमति दी जा सकती है लेकिन तब तक टैंकर द्वारा वितरित किए जा रहे पानी को ही पीने के उपयोग में प्रयोग करना चाहिए हमारा प्रयास है कि भागीरथपुरा के हर घर में टैंकर का पानी पहुंचे बहुत दिनों से सकरी गलियों में टैंकर नहीं जाने की समस्या रह वासियों द्वारा बताई जा रही थी। कई रहवासियों का कहना था कि वह गली के बाहर खड़े टैंकर से पानी भरने में असमर्थ है जिसके चलते प्रत्येक गली जहां पर टैंकर नहीं जा रहा है वहां 300 फीट तक के लंबे पाइप डाले गए हैं जिसे पानी सप्लाई हर घर में किया जा रहा है यह अस्थाई तौर पर फिलहाल लोगों को राहत देने के लिए किया गया है।

निगम आयुक्त ने बताया कि यह बात सामने आ रही थी कि लोग निजी बोरिंग के पानी को साफ बात कर पी रहे थे, जिसकी जांच नहीं करवाई गई थी। नगर निगम और प्रशासन ने रहवासियों को स्पष्ट तौर पर कहा है कि फिलहाल बोरिंग का पानी किसी भी स्थिति में पीने के उपयोग में नहीं ले अगर उन्होंने अपने बोरिंग के पानी की जांच करवा ली है और पानी सही पाया गया है तो इसका प्रयोग भले ही किया जा सकता है लेकिन उसे पानी को उबाल जाए। वही भागीरथपुरा के निवासी राजाराम बोसी ने बताया कि नगर निगम द्वारा सकरी गलियों में अस्थाई तौर पर 300 फीट तक पाइप डालकर पानी सप्लाई करने से रहवासियों को राहत मिली है लेकिन क्षेत्र में अब पाइपलाइन डालने के लिए सड़के खोदी जा रही है जिसके कारण टैंकरो के आने-जाने में भी दिक्कत हो गई है। नगर निगम को क्षेत्र में जल्द ही नर्मदा के पानी की सप्लाई शुरू करनी चाहिए। लोग अभी भी अपने सालों पुराने बोरिंग के पानी का उपयोग पीने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। भागीरथपुरा के निजी बोरिंग की जांच भी प्रशासन द्वारा करवाई जाने चाहिए।

# मालवा क्विन्स क्लब की सखियों ने किया आयोजन



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। कांग्रेस नेत्री और मालवा क्विन्स लेडीज फन क्लब से जुड़ी किरण जिरेती ने बताया कि कुंजन बलवंत अल्फा सुनीता नसखियों ने 'मालवा क्वीन्स' लेडीज़ फ़न क्लब की स्थापना की। मातृशक्तियों को मंच उपलब्ध कराना और उनके लिए प्रतियोगी कार्यक्रम भी आयोजित कराना। इस उद्देश्य से होटल में बैठक और कार्यक्रम आयोजित किया गया। किरण जिरेती, सुलोचना पटेल, मीना सोनी, सुषमा भारती, सरिता, रेखा, नीता, पूनम ने अपनी भूमिका निभाई।

# भार्गव बने अध्यक्ष



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। अ.भा. नार्मदीय ब्राह्मण महासभा के अखिल भारतीय अध्यक्ष इंदौर के प्रबल भार्गव बने हैं। पुष्यमित्र भार्गव, महेंद्र शुक्ला, अश्विन उपाध्याय, जयप्रकाश शर्मा, मुकेश शर्मा, कपिल शर्मा, विजय बड़ोले, मनोज शर्मा ने बधाई दी। देश भर की 48 इकाइयों के निर्वाचित प्रतिनिधियों ने मतदान किया था।



# 21 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों का सम्मान

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। पुलिस कमिश्नर ने कार्यालय में पुलिसिंग के क्षेत्र मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 21 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार से पुरस्कृत कर सम्मान किया। इनमें 35 लाख रु के अवैध डोडा चूरा सहित पंजाब के तस्कर को पकड़ने वाले 3 पुलिस कर्मियों का भी सम्मान हुआ। राम शाक्य, कैलाश मेढ़ा, दिनेश सोलंकी, हरीश दवे, अरुण घुरैया, कैलाश विश्वकर्मा, दुर्गेश दांगी, रामचरण दांगी, विजय यादव, ओमप्रकाश नरवरिया, मोहनलाल मालवीय, सौरभसिंह बघेल, अनिल जायसवाल, विश्वरत्नसिंह परिहार, दीपेश गोराना, हरीसिंह राजपूत, श्यामसुन्दर, लालसिंह मुानिया, विजय पादीदार, कमल, बीरेश जाट का सम्मान पुलिस कमिश्नर ने किया।



# भागवत कथा में कृष्ण-सुदामा मैत्री उत्सव

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। स्वामी प्रणवानंद सरस्वती ने बायपास स्थित रूचि लाइफ स्केप पर चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ में कल कृष्ण-सुदामा मैत्री, चौबीस अवतार एवं परीक्षित मोक्ष प्रसंगों की व्याख्या की। कृष्ण-सुदामा मैत्री का जीवंत और भावपूर्ण उत्सव भी मनाया गया, मित्रता की बहुत सुंदर व्याख्या प्रस्तुत की। सुरेश-मृदुला शाहरा, कल्पना भाटिया, प्रदीप अग्रवाल, मनोज रामनानी, आनंद चौकसे, गोकुल सिसोादिया,कांता अग्रवाल, कमल राठी, कमलेश मंडन, आनंद शर्मा, गोविंद सिंह, नीरज पाटीदार, बाबूसिंह मंडलोई, अजय पानसरे मौजूद थे।

# युवा कार्यशाला का समापन



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अभ्यास मंडल द्वारा आयोजित 'युवा उड़ान की कार्यशाला कल अभिनव कला समाज में संपन्न हुई। कार्यशाला में युवाओं से जुड़े समकालीन सामाजिक, मानसिक एवं आर्थिक विषयों पर गंभीर मंथन किया गया। कालेज के विद्यार्थी मौजूद रहे। रामेश्वर गुप्ता, डॉ. मालासिंह ठाकुर ने बताया कि वक्ता राजेश दीक्षित और जयदीप कर्णिक के अलावा प्रतीक श्रीवास्तव, अमित मंडलोई, डॉ. शंकर गर्ग, नरेन्द्र सेन, भी रहे। कार्यक्रम में नवीन खंडेलवाल, प्रवीण खारीवाल, मनीष भालेराव, कुणाल भंवर, आदित्य प्रताप सिंह, ग्रीष्म त्रिवेदी, बजेंद्र सिंह धाकड़, नयनी शुक्ला ने अपनी भूमिका निभाई।



# कोरी समाज का आयोजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। आदर्श कोरी समाज द्वारा परिचय सम्मेलन गाँधी हॉल मे सम्पन्न हुआ। परिचय सम्मेलन मे 400 सामाजिक युवक-युवतियों ने शिरकत की।कार्यक्रम में अतिथि राहुल निहोरे, महेश गौहर का स्वागत हीरालाल वर्मा, प्रकाश महावर, गणेश वर्मा ने किया।

# लाललोई माता की पूजा

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। जेकब आबाद जिला सिंधी पंचायत द्वारा लाललोई पर्व पर कल पलसीकर कालोनी पंचायत भवन पर माता की पूजा अर्चना की गई। नियम के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। डॉ. जय परियानी, दीपचंद चावला, राजेंद्र सचदेव, सच्चानंद वाधवानी, लालचंद वाधवानी, मंशाराम राजानी, जयपालदास बजाज, राकेश पंजवानी, नन्दलाल झामवानी, गोपालदास परियानी, भोजराज वाधवानी, रतनचंद राजानी, लालचंद छाबड़ा, दीवान मीरचंदानी, नन्दलाल खथुरिया, दिलीप माटा, राजकुमार लालवानी, श्रीचन्द्र सचदेव, लखमीचंद खेमलानी उपस्थित थे।

# क्षय पीड़ित संघ ने किया सेवाकार्य और माल्यार्पण

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। क्षय पीड़ित सहायक संघ ने अपने संस्थापक रहे पद्मश्री डॉ. नंदलाल बोडिया की जयंती पर क्लॉथ मार्केट हास्पिटल नर्सिंग कॉलेज में प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वहीं मल्हारगंज टीबी अस्पताल पर मरीजों को कम्बल और फलों का वितरण भी किया गया। डॉ. जीडी नागर, एचएल जैन, डॉ. विजय छजलानी, जयप्रकाश माहेश्वरी, नरेन्द्र भटेवरा, आशीष शुक्ला, कमल किशोर गहलोत, शैलेन्द्र जैन, डॉ. मोइज अली आसिफ, आकाश शर्मा, मनमय शर्मा, कैलाश वर्मा, भारत कपूर, शैलेन्द्र पवैया, सिद्धांत तिवारी, रीना खन्ना, सुषमा शर्मा, मनोहर सिंह श्रीभरा कोटरा मौजूद थे।





# लक्ष्मीनारायण महायज्ञ पूर्णाहुति पर आज शाम महाप्रसाद

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। बंगाली चौराहा पर लक्ष्मीनारायण महायज्ञ की पूर्णाहुति पर आज शाम 5 बजे से हजारों भक्तों के लिए महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। लाखों आहुतियां यज्ञ में दी जा चुकी है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का यज्ञ और परिक्रमा में आस्था दिखी। देवव्रत पाटीदार, अलकेश सुलिया ने बताया कि 35 संतों की मौजूदगी भी है। कल स्कूल के छात्र भी मौजूद रहे।

# सेवाकार्य में मौजूद रहे जैन समाजजन



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। महावीर ट्रस्ट बाल कल्याण एवं शोध संस्थान केंद्र एवं दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन द्वारा मानव सेवा के तहत 10 निर्धन परिवारों के बच्चों को उनकी शिक्षा में उन्नति हेतु शिक्षा सहयोग राशि प्रदान की गई एवं दो दिव्यांगों को कृत्रिम पैर निशुल्क भेंट किए गए। होलास सोनी, मनोहर झांझरी, राजेश जैन, बाहुबली पांड्या, प्रदीप चौधरी, संजय पापड़ीवाल, कीर्ति पांड्या, विमल अजमेरा, हंसमुख गांधी, टीके जैन, आशीष जैन, दिलीप मेहता, रमेश बड़जात्या, मुकेश बाकलीवाल, संजय जैन, राजीव लुहाड़िया, ऋषभ जैन, सुनील जैन, अनिल खाड़गीवाला, प्रवीण ज्योति जैन, चिराग जैन, सुरेश मोदी, ललित राठौर मौजूद थे।



# जयरामपुर कालोनी में हुआ लोहड़ी पर्व

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। सार्वजनिक महोत्सव समिति जयरामपुर कॉलोनी के सचिव अनिल आगा ने बताया कि सिंधी और पंजाबी समुदाय का प्रमुख पर्व लाललोई, लोहड़ी उत्सव कल मनाया गया। सिंधी महिलाओं ने व्रत भी रखें। शाम को लोई सजाई गई, पूजा भी की गई, लोई को अग्नि भी दी गई, पल्लव अरदास भी किया गया। आज सिंधी समाज तिरअमुरी का त्योहार मना रहा है। बहन-बेटियों के घर तिल गुड़ के व्यंजन भेजे जा रहे हैं।

# डिजिटल ज्योतिष प्लेटफॉर्म 'कालदर्शन' लॉन्च हुआ

## ज्योतिष को युवाओं और आम लोगों तक जोड़ने की पहल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



भारतीय ज्योतिष विद्या को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़ते हुए ज्योतिष आचार्य संगीता शर्मा एवं विकल्प पाराशर द्वारा इंदौर में डिजिटल ज्योतिष प्लेटफॉर्म 'कालदर्शन' का औपचारिक शुभारंभ किया गया। आयोजन का उद्देश्य ज्योतिष को सिर्फ पूजा-पाठ या तक़दीर तक सीमित देखने की पुरानी धारणाओं से आगे ले जाकर इसे मार्गदर्शन और निर्णय लेने की वैज्ञानिक विधा के रूप में स्थापित करना है। इस ज्योतिष प्लेटफार्म का मतलब ज्योतिष से युवाओं और आम लोगों को जोड़ना है और तकनीक के माध्यम से ज्योतिष को सहज रुप से आम लोगों को उपलब्ध कराया जाए, खुद देखने वाले अपने ग्रहों की स्थिति को रियल-टाइम में ट्रैक और विश्लेषित कर सकेंगे। ग्रहों की चाल, गोचर, दशा-अंतरदशाओं के ग्राफिकल प्रदर्शनों के साथ इसके प्रभाव को सामान्य भाषा में बताया जाएगा, ताकि ज्योतिष में अनभिज्ञ व्यक्ति भी समझ सके कि उसके जीवन में क्या चल रहा है और आने वाले समय में क्या संभावनाएँ हैं। आयोजकों के अनुसार डिजिटल युग में ज्योतिष का सबसे बड़ा उपयोग निर्णय लेने में है। उन्नति सिंह, प्रतिभा मित्तल, मनीष जोशी, दीपिका मिलन सिंह, संजीव विजयवर्गीय, दिनेश शर्मा,संतोष भार्गव, रामचंद्र वेदी मौजूद रहे।



# पोस्टर और निबंध से बताई गणित की महत्ता

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर आईपीएस एकेडमी के इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड रिसर्च के गणित विभाग द्वारा 'गणित, कला एवं सृजनात्मकता' विषय पर दो दिवसीय विशेष शैक्षणिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल द्वारा प्रायोजित रहा। सजीव प्रदर्शन विद्यार्थियों के मॉडलों में देखने को मिला। विभिन्न प्रतियोगिताओं के निर्णायक डॉ. विजय साहनी रहे। अचल चौधरी, योगेन्द्र जैन, निशित जैन, निधि जैन, प्रेमलता गुप्ता, डॉ. प्रदीप के. जोशी, डॉ. अमित जोशी मौजूद थे।

# देहली इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने रैली से दिया संदेश





## चाइनीज़ के मांझे का उपयोग न करने का आग्रह

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** देहली इंटरनेशनल स्कूल धार रोड के विद्यार्थियो ने कल पहले अपने विद्यार्थी साथियों और फिर अध्यापकों को चायनीज मांझा से पतंग नहीं उडाने का आग्रह किया। विद्यार्थियों ने बाहर आकर रैली भी निकाली और कहा कि पतंग को देशी डोर से उडाए। संक्रांति पर तिल-गुड का उपयोग करें। मार्गदर्शक इनायत हुसैन कुरैशी, प्राचार्य श्रुति चिंचवड़कर ने भी मार्गदर्शन दिया और पर्व की बधाई भी दी।



## माताजी के फूल बंगला में पतंग भी नजर आई

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पश्चिम क्षेत्र के बियाबानी रोड स्थित केला माता मंदिर में उत्सव समिति द्वारा मकर संक्रांति पर स्थापना दिवस मनाया गया। फूल बंगला सजाया, जिसमें पतंगों से श्रृंगार भी किया गया, रोशनी भी की गई, छप्पन भोग लगाए, आरती की गई और भजन मंडली द्वारा भजनों की प्रस्तुति और केला माता का जगराता भी प्रस्तुत किया गया।

## गर्म कपड़ों का वितरण



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** प्रिया सर्व उत्थान सेवा संस्थान द्वारा शा. माध्यमिक विद्यालय देवधरम टंकी पितृ पर्वत पर विद्यार्थियों को ऊनी स्वेटर और मौजे वितरित किए। नितिन अग्रवाल, वीरेंद्रकुमार सेठिया, रामकली अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, देवेन्द्र लाभाते, सैफुद्दीन खाचरौदवाला, मनोज राठौर, सुनिता वर्मा, अर्चना सेठिया, शेरु देसाई, जगदीश जाधव, ललित सर उपस्थित थे।



## सांवरिया सेठ की पतंग बनाई

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मंकर संक्रांति पर आज सुबह से पश्चिम क्षेत्र के मल्हारगंज सहित कई क्षेत्रों में पतंगबाजी का असर दिख रहा है। वहीं धर्म भी दान-पुण्य के रूप में हो रहे हैं। छीपा बाखल पतंग व्यवसायी ने भगवान सावरिया सेठ पर पतंग का निर्माण किया। इस पतंग निर्माण में 10वीं के छात्र मलय नामदेव का भी योगदान रहा। पतंग में जरी-गोटा, लेस-सितारे लगाए गए हैं, जिसकी कीमत ढाई हजार रु. रखी गई है। यह पतंग दोपहर में मूसाखेड़ी स्थित भगवान सावरिया सेठ मंदिर पर अर्पण की जाएगी।

# पतंगबाजी में बच्चे भी नहीं रहे पीछे, जमकर उड़ाई पतंग



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भगवती कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, हातोद में बच्चों ने जमकर पतंगबाजी की और एक-दूसरे को कहते रहे काटा है...काटा है...। स्कूल में नन्हें-मुन्ने बच्चों को मकर संक्राति के अवसर पर पतंगबाजी कराई गई, जिसमें बड़े बच्चों ने भी भाग लिया। पतंगबाजी का बच्चों ने जमकर लुत्फ लिया। इस अवसर पर प्राचार्या, उपप्राचार्या कीर्ति राठौर, प्रीति कापसे, राखी करडे, चित्राली गोयल, दीपा जौनवाल, शबनम शेख, अंकिता जैन, आकांक्षा कुमावत, मंजू बेस, प्रतिभा मूले, अंजना शर्मा, अंजलि जारवाल, वर्षा जारवाल, नीलेश चौहान, विकास केसवाल, शुभम चौहान, मथुरा प्रसाद मैना को अवार्ड दिया गया। स्कूल के संचालक पुलक गुप्ता, शशि गुप्ता, रुचिका गुप्ता ने बच्चों को चाइना धागन के नुकसान बताए।

## कई मंदिरों में पतंग श्रृंगार



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आज मकर संक्राति पर सुबह कई मंदिरों में श्रृंगार किया गया। इनमें पतंग से हुए श्रृंगार भी दर्शनार्थ रहे।

## दास बगीची में हुए भजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पश्चिम क्षेत्र स्थित दास हनुमान बगीची पर चल रहे जय सियाराम बाबा मूर्ति अवतरण महोत्सव में राम रामायण मंडल का वार्षिकोत्सव प्रारंभ हुआ। ट्रस्टी वीरेंद्र गुप्ता ने बताया कि सुबह रामचरितमानस का अखंड पाठ प्रारंभ हुआ जिसकी पूर्णाहुति शाम 6 बजे हुई। 10 रामायण मंडलों एवं भजन मंडलों द्वारा पूरी रात भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। आज दोपहर 2 बजे से 108 सुंदरकाण्ड पाठ द्वारा हवन प्रारंभ होगा जिसकी पूर्णाहुति के बाद महाआरती एवं चालित प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा। वहीं विशेष श्रृंगार भी किया गया।

# अग्रसेन यूथ क्लब के पदाधिकारियों का शपथ विधि आज

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

अग्रसेन यूथ क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रतीक गुप्ता एवं सचिव सौरभ गोयल के नेतृत्व वाली वर्ष 2026 के लिए गठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का शपथ विधि समारोह आज सांय 7.30 बजे से बायपास स्थित भंडारी रिसोर्ट पर होगा। उपाध्यक्ष हितेश गोयल, कोषाध्यक्ष मयूर अग्रवाल, सहसचिव पुनीत गर्ग एवं कार्यकारिणी के अमल गोयल, सीए जयेश सिंघल, पार्थ बागड़ी, ऋतिक बद्रुका, रोहित अग्रवाल, दिलीप गर्ग, रीतेश मित्तल, आदित्य अग्रवाल एवं सीए आयुष जिंदल शपथ लेंगे। अतिथि तपन-वंशिका अग्रवाल, पवन-निधि सिंघानिया, राजेश-सुनीता गर्ग केटी, गोपाल-निधि गोयल एवं हितेश-अर्पिता बिंदल रहेंगे। पूर्व पदाधिकारी अंकित गोयल, हितेश गोयल एवं राहुल गोयल भी मौजूद रहेंगे।



# काइट स्ट्रिंग सेफ्टी प्रोटेक्टर का वितरण

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।**

पतंग की डोर से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात पुलिस के साथ एस्ट्रो वी.डी. सामाजिक सेवा एवं कल्याण संस्था की जनहित पहल आमजन को प्रतिबंधित चाइनीस मांझे के दुष्प्रभावों से अवगत कराने एवं उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से काइट स्ट्रिंग सेफ्टी प्रोटेक्टर का कल पलासिया चौराहा, खातीवाला टैंक, जीपीओ छावनी, इंदौर वायर रोड एवं मरीमाता क्षेत्र में वितरण किया गया। डॉ. विशाल दुबे, सत्री सोनी, संदीप चौधरी, जसवंत चौधरी, ऋषि शर्मा, संतोष पाटिल एवं पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों ने भी अपनी भूमिका निभाई।



## संतों का हुआ एडवोकेट चैम्बर में सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जिला कोर्ट एडवोकेट चैम्बर में मुक्तानंद महाराज, गोविन्दाचार्य महाराज का आगमन पर सम्मान किया गया। दिलीप राजपाल, सुमतिकुमार ललवानी, महामंडलेश्वर, राजकुमार अग्रवाल, सुभाष जैन, सौरभ वर्मा, विवेक मारकान, अनोखीलाल अदगेले, ओमप्रकाश वर्मा, जानकीलाल पटेरिया, नियामत खान. किशन भालसे, विजय कुशवाहा, राजेश राव. मौजूद थे।

# गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में झांकियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम

## समारोह की रूपरेखा को अंतिम रूप देने के लिए बैठक



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** इंदौर में आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह नेहरू स्टेडियम में आयोजित होगा। समारोह आयोजन की व्यापक तैयारियां प्रारंभ हो गई है। समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए कल कलेक्टरशिवम वर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में एमपीआईडीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर विजय नवजीवन पंवार, निशा डामोर, रोशन राय तथा रिंकेश वैश्य, सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा ने निर्देश दिए कि सभी तैयारियां गणतंत्र दिवस की गरिमा के अनुरूप निर्धारित समय-सीमा में की जाए। सभी अधिकारी सौंपे गए दायित्वों का पूर्ण गंभीरता के साथ पूरा करें। आयोजन में किसी भी तरह की कोर कसर नहीं रखी जाए। उन्होंने आयोजन की विभिन्न व्यवस्थाओं के लिये विभागवार दायित्व सौंपे। झाकियां और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, साज-सज्जा, सम्मान को लेकर चर्चा हुई।

# संकल्प से समाधान अभियान प्रारंभ हुआ

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** इंदौर जिले में संकल्प से समाधान अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत पात्र नागरिकों को चिन्हित कर उन्हें शासकीय योजनाओं, कार्यक्रमों और सेवाओं का लाभ निर्धारित समय-सीमा में पहुंचाया जायेगा। यह अभियान चार चरणों आगामी 31 जनवरी तक चलेगा। इसके साथ ही जिले में जल संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये जल सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन भी प्रारंभ किया गया। पहले दिन जल सुनवाई के माध्यम से 89 शिकायतें प्राप्त हुई। इनमें से अधिकांश का त्वरित निराकरण किया गया।

# मेट्रो के संपूर्ण प्राथमिकता कॉरिडोर पर परीक्षण

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** इंदौर मेट्रो रेल के संपूर्ण प्राथमिकता कॉरिडोर (गांधी नगर से मालवीय नगर चौराहा रेडिसन स्क्वायर तक, कुल 16 स्टेशन, के शीघ्र संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परीक्षण, कमीशनिंग एवं सिस्टम इंटीग्रेशन से संबंधित कार्य तीव्र गति से प्रगति पर हैं। सिग्नालिंग एंड टेलीकम्युनिकेशन (एस टी) प्रणालियों के एकीकृत परीक्षण एवं कमीशनिंग कार्य वर्तमान में अपने अंतिम चरण में है। इसी क्रम में मालवीय नगर चौराहा मेट्रो स्टेशन (रेडिसन स्क्वायर) तक सम्पूर्ण प्राथमिकता कॉरिडोर (सभी 16 स्टेशन) पर ट्रायल रन सफलतापूर्वक किए जा रहे हैं। आगामी चरण में वर्तमान में संचालित खंड को नॉन, कमीशंड सेक्शन के साथ एकीकृत करने हेतु संपूर्ण प्राथमिकता कॉरिडोर पर आवश्यक व्यापक परीक्षण एवं कमीशनिंग कार्य किया जाना है। इन कार्यों को सुचारु, सुरक्षित एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के लिए शेष परीक्षण एवं कमीशनिंग गतिविधियों को पूर्ण करने हेतु 15 से 25 जनवरी तक संपूर्ण प्राथमिकता कॉरिडोर गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर-03 तक मध्य प्रदेश मेट्रो रेल निगम लिमिटेड (एमपीएमआरसीएल) ने राजस्व सेवाओं को निलंबित (मेगा ब्लॉक) करने का निर्णय किया गया है। उल्लेखनीय है कि सिग्नलिंग एंड टेलीकम्युनिकेशन (एस टी) से संबंधित सभी कार्यों का समय पर पूर्ण किया जाना है एवं आवश्यक स्वीकृतियाँ प्राप्त करने के बाद, प्राथमिकता कॉरिडोर के पूरे क्षेत्र में जनता को मेट्रो सेवाएं उपलब्ध कराना है।

**कल 15 से 25 जनवरी मेगा ब्लॉक की घोषणा**



# गंदगी में चल रही बेकरी के किचन को कराया बंद

### खाद्य सामग्री के लिये गए नमूने

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** अनुविभागीय अधिकारी महू के संयुक्त दल द्वारा कल गवली पलासिया महू स्थित दद्दू बेकरी की जांच की गई तथा मैदा खोपरा बूरा बेक्ड समोसा एवं स्ट्रॉबेरी केक के नमूने लिए गए। मौके पर बेकरी के किचन में गंदगी पाई जाने पर सुधार किए जाने तक कारोबार बंद कराया गया। साथ ही नारायण डेयरी आकवी तहसील मऊ पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाकर पनीर, पामोलिन तेल एवं अज्ञात सफेद पदार्थ के नमूने लिए गए। मौके पर पामोलिन तेल एवं अज्ञात सफेद पदार्थ को जब्त किया गया। साथ ही डेयरी यूनिट को सुधार किये जाने तक खाद्य कारोबार बंद कराया गया। नमूने लेकर मौके पर 118 लीटर रिफाइंड पाम आयल एवं 40 किलो अज्ञात सफेद पाउडर सील किया गया।

# जनसुनवाई में दुकान, रोजगार मिले और समाधान भी हुआ



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई कल मंगलवार को इस बार भी आयोजित की गई। दम्पति चंदनबाला और पारस जैन ने कलेक्टर शिवम वर्मा का अभिनंदन इस बात से किया कि पिछली जनसुनवाई में उन्होंने अपने किराएदार द्वारा दुकान खाली न किए जाने की शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने दुकान को कब्जा मुक्त कर उन्हें सौंप दिया। इसी प्रकार देपालपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पेमालपुर की सहवादा ग्राम के ग्रामीणों ने भी जनसुनवाई की सार्थकता सिद्ध होने पर कलेक्टर का अभिनंदन किया। ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों पुरानी सड़क की मांग अब पूरी हो गई है। कुछ लोगों द्वारा सड़क निर्माण में बाधा डाली जा रही थी, जिसे प्रशासनिक प्रयासों से दूर कर निर्माण कार्य प्रारंभ करा दिया गया है। यह सड़क जनभागीदारी से बनाई जा रही है। जनसुनवाई में एक दृष्टिबाधित दिव्यांग सुनील सेन भी उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई के माध्यम से उन्हें रोजगार प्राप्त हुआ है। जनसहयोग से जेयू जोशी एवं उनके साथियों द्वारा उन्हें एक गाड़ी उपलब्ध कराई गई, जिसके माध्यम से वे पूजन सामग्री, सेनेटरी सामग्री एवं कैलेंडर आदि का विक्रय कर रहे हैं। इससे उन्हें सम्मानजनक आजीविका मिल रही है। अधिकारियों ने इस दिव्यांग से कैलेंडर क्रय कर आवेदकों को वितरित भी किए। साथ ही उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए भी पहल की गई है। जनसुनवाई में शासकीय पीएम श्री विद्यालय की पूर्व प्राचार्य भारती पवार ने पेंशन प्राप्त नहीं होने की समस्या रखी। इस पर कलेक्टर शिवम वर्मा ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को तत्काल पेंशन स्वीकृत कर अन्य लंबित भुगतान शीघ्र कराने के निर्देश दिए तथा लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई के भी निर्देश दिए। कल की जनसुनवाई में कुल लगभग 295 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका यथासंभव मौके पर ही निराकरण किया गया। जिन मामलों में तत्काल समाधान संभव नहीं था, उनके लिए समय-सीमा निर्धारित की गई। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर शिवम वर्मा के साथ अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पंवार, रोशन राय, रिंकेश वैश्य, निशा डामोर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## आजीविका मिशन में कोई भर्ती नहीं, भ्रामक पत्र पर ध्यान न दें

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन में अभी किसी भी स्तर पर कोई भर्ती नहीं की जा रही है। विभिन्न जिलों में भर्ती के सम्बंध में एक निराधार पत्र के माध्यम से भ्रामक जानकारी फैलाई जा रही है जो कि पूरी तरह असत्य है। वायरल पत्र उप सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास एस. के. मिश्रा के नाम से हस्ताक्षरित है। जबकि विभाग में इस नाम का कोई उप सचिव नहीं है। इस जाली पत्र में सन्दर्भ भारत सरकार का पत्र क्रमांक इ/2479 दिनांक 27.12.2025 उल्लेखित है, जो पूर्णतः निराधार है। आजीविका मिशन में कोई भर्ती नहीं की जा रही है न ही यह पत्र विभाग से संबंधित है।

## भागीरथपुरा में 16 हजार लोगों की जांच

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** भागीरथपुरा प्रभावित क्षेत्रों में कल स्वास्थ्य विभाग के 187 सदस्यों ने सर्वे किया। महिलाओं एवं बच्चों की स्वास्थ्य संबंधी जांचे की गई। रक्तचाप, शुगर एवं एनीमिया की जांचें भी की गई। पिछले तीन दिनों में कुल 16208 नागरिकों की जाँच की गई, जिसमें 278 लोगों को उच्च रक्तचाप एवं 161 लोगों को मधुमेह का चिन्हांकन किया गया तथा हेल्थ कार्ड देकर आगे की जाँच हेतु स्वास्थ्य केन्द्रों में जाने हेतु परामर्श दिया गया। भागीरथपुरा प्रभावित क्षेत्र में आज ओपीडी में 109 मरीज आए, जिनमें से 05 डायरिया के आए। किसी को भी रैफर नहीं किया गया। हेल्थ कार्ड भागीरथपुरा क्षेत्र के निवासियों को वितरित किये गए हैं, जिसमें उनके स्वास्थ्य के सूचकांकों की जानकारी दी गई है।

# छः राज्यों के अफसरों ने देखी स्मार्ट मीटरिंग

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में स्मार्ट मीटर योजना का प्रभावी क्रियान्वयन एवं नॉलेज शेयरिंग का कार्य किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में कल पश्चिम बंगाल, उत्तरप्रदेश, केरल, गुजरात, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र राज्यों के बिजली अधिकारी भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर से सीधे पोलोग्राउंड स्थित स्मार्ट मीटर कंट्रोल सेंटर पहुंचे। राज्यों के दल ने स्मार्ट मीटर की स्थापना, संचालन, उपभोक्ता संवाद, उपभोक्ता संतुष्टि, बिलिंग, छूट के साथ ही योजना क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों एवं समाधान इत्यादि के बारे में जानकारी ली। दल ने मीटरों के म्यूजियम को भी देखा, जहां चार किया वजनी मीटरों के साथ ही अत्याधुनिक स्मार्ट मीटर रखे गए है। इस दौरान अधिकारी कीर्ति सिंह, नवीन गुप्ता ने दल के स्वप्निल गर्ग, एनए देसाई, राकेश नायर, ज्ञान प्रकाश, मुनीष चौपड़ा, जीजी चंदाकर, अरविंद बैनर्जी, कौशिक मुखर्जी, केएस बत्री के साथ सुश्री मिनी केवी, आशा पीए का स्वागत किया।

## संपादकीय

### कुछ हाथों में संपत्ति, असंतोष हर तरफ, आखिर क्यों नहीं थम रही अमीर-गरीब की दूरी, क्या होगा आगे?

विश्व आर्थिक मंच की नई सर्वेक्षण रपट में कहा गया है कि दुनिया भर के युवा असमानता से चिंतित हैं। मगर इसकी आलोचना करने के बजाय, वे इसमें बदलाव चाहते हैं। किसी भी राष्ट्र के संतुलित विकास के लिए आर्थिक समानता का होना बेहद जरूरी है। जब तक सभी नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं मयस्सर नहीं होंगी, तब तक विकास के तमाम दावे अधूरे ही साबित होंगे। मगर, चिंताजनक बात है कि दुनिया भर में आर्थिक असमानता का दायरा बढ़ता जा रहा है। इससे न केवल आर्थिक अस्थिरता बढ़ रही है, बल्कि आमजन की शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी आधारभूत जरूरतों तक पहुंच भी सीमित हो रही है। इससे कमजोर वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है। विश्व आर्थिक मंच की नई सर्वेक्षण रपट में भी इस बात को उजागर किया गया है। इसमें कहा गया है कि दुनिया भर के युवा असमानता से चिंतित हैं। मगर इसकी आलोचना करने के बजाय, वे इसमें बदलाव चाहते हैं। सवाल है कि आखिर अमीर-गरीब के बीच खाई घटने की बजाय बढ़ क्यों रही है? क्या शासन और प्रशासन को इस बात का भान नहीं है कि इस असमानता के परिणाम न केवल किसी एक देश, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए घातक हो सकते हैं? इसमें दो-राय नहीं कि आर्थिक असमानता के मामले में भारत भी पीछे नहीं है। विश्व असमानता पर हाल में जारी की गई एक रपट के मुताबिक, देश की कुल संपत्ति का करीब चालीस फीसद हिस्सा महज एक फीसद लोगों के पास है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि देश में आर्थिक असंतुलन का स्तर कहां पहुंच गया है। युवा वर्ग भी इससे प्रभावित हो रहा है और वह व्यवस्था में बदलाव तो चाहता है, लेकिन इसके लिए उसे सही मंच और अवसर नहीं मिल पा रहे हैं। विश्व आर्थिक मंच की रपट में कहा गया है कि सर्वेक्षण के दौरान सत्तावन फीसद युवाओं ने इस असमानता पर गंभीर चिंता जताई है। आर्थिक असमानता बढ़ने की चेतावनी पहले भी दी जाती रही है, लेकिन इस पर गंभीरता दिखाने की पहल दुनिया के किसी कोने में नजर नहीं आई है। ऐसे में इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब किसी देश की संपत्ति का बड़ा हिस्सा चंद लोगों के हाथों में आ जाएगा, तो उसका परिणाम क्या होगा।

# पुलिस कमिश्नर के पास पहुंची आपसी और पारिवारिक विवाद की बात

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** इस मंगलवार भी पुलिस कमिश्नर ने कमिश्नर कार्यालय के सभागार में जनसुनवाई में आमजन की शिकायत एवं समस्याओं को सुना तथा त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 70 शिकायत आवेदन प्राप्त हुए, जिनमे प्रमुख रूप से पारिवारिक विवाद, आपसी विवाद, पैसों के लेनदेन, फाइनेंशियल फ्रॉड, सुनवाई न होने, प्लाट/जमीन की धोखाधड़ी संबंधी विवाद, महिला अपराध संबंधी एवं अन्य पुलिस से संबंधित समस्याओं को लेकर आमजन आए। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह द्वारा व्यक्तिगत रूप से प्रत्येक आवेदक की व्यथा व समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनकर उनके निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर तत्काल कार्यवाही करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

### पैसे के लेनदेन को लेकर भी पहुंचे जनसुनवाई में



### बड़े विकास कार्य की सौगात दे रहे हैं मुख्यमंत्री

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** आज दोपहर में लता मंगेशकर आडिटोरियम राजेन्द्र नगर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और नगर के जनप्रतिनिधियों और भाजपा पदाधिकारियों की मौजूदगी में करोड़ों रुपये के विकास कार्य के भूमिपूजन का आयोजन किया जा रहा है। जल प्रदाय योजना पैकेज के अन्तर्गत 800.19 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाली बहुप्रतीक्षित महत्वपूर्ण जल प्रदाय परियोजना का विधिवत भूमिपूजन किया जाएगा।






### पुलिस का सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनाओं अभियान जारी



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** लगातार यातायात पुलिस लोगों की सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनाओ अभियान जारी रखे हुए हैं। डीसीपी यातायात ने कल लोगों को हेलमेट लगाने और सुरक्षित रहने के लिए जागरूकता अभियान चलवाया। इस दौरान चाइना मांझा का उपयोग नहीं करने की सलाह भी पलासिया चौराहा पर दी गई।

# वेडिंग रिसेप्शन में कृति सेनन ने साड़ी में लूटी लाइमलाइट



**कृति** सेनन की बहन नुपूर सेनन शादी के बंधन में बंध गई हैं। उन्होंने सिंगर स्टेबिन बेन संग सात फेरे लिए। उनकी शादी उदयपुर में हुई। नुपूर और स्टेबिन की शादी के वीडियोज वायरल हैं। अब शादी के बाद नुपूर और स्टेबिन का 13 जनवरी को वेडिंग रिसेप्शन है। इस रिसेप्शन की तस्वीरें वायरल हो रही हैं। नुपूर को स्ट्रैपलेस रेड कलर की ड्रेस में देखा गया। वहीं स्टेबिन ब्लैक कलर के आउटफिट में हैंडसम नजर आए।

इस रिसेप्शन में नुपूर की बहन कृति सेनन ने लाइमलाइट लूट ली। वो ग्रीन कलर की साड़ी में नजर आईं।

### कृति ने लहंगा स्टा

इल साड़ी पहनी थी। साथ ही हॉल्टर नेक ब्लाउज कैरी किया। अपने इस लुक को उन्होंने स्मोकी आई मेकअप और मिनिमल जूलरी से कंप्लीट किया। कृति ने मिडिल पार्टेड हेयरस्टाइल बनाई और मैचिंग ईयररिंग्स पहने। पूरे लुक में वो कहर ढा रही थीं। कृति सेनन ने अपनी बहन के साथ पोज भी दिए। वो बहन नुपूर की ड्रेस भी ठीक करती दिखीं। कृति के वर्क फ्रंट की बात करें तो वो पिछली बार फिल्म तेरे इश्क में नजर आई थीं। फिल्म को फैंस ने पसंद किया था। अब वो कॉकटेल 2 में दिखेंगी। इस फिल्म में शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना भी नजर आएंगे। कृति के वर्क फ्रंट की बात करें तो वो पिछली बार फिल्म तेरे इश्क में नजर आई थीं। फिल्म को फैंस ने पसंद किया था। अब वो कॉकटेल 2 में दिखेंगी। इस फिल्म में शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना भी नजर आएंगे।

### सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 142900 | 142900 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 268000 | 283100 |

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# श्रद्धा कपूर रूमर्ड बॉयफ्रेंड राहुल मोदी संग करने जा रही हैं शादी?

**एक्ट्रेस** श्रद्धा कपूर और राहुल मोदी की शादी की खबरें इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से चल रही हैं। इसी बीच उनके भाई सिद्धांत कपूर ने इन खबरों पर अपना रिएक्शन दिया है।

बॉलीवुड के गलियारों से इन दिनों लगातार शादी की खबरें आ रही हैं। हाल ही में कृति सैनन की बहन नुपुर सेनन शादी के बंधन में बंधी हैं। उनकी शादी की फोटोज़ अभी ठीक से किसी ने देखी भी नहीं थीं कि बॉलीवुड से एक और एक्ट्रेस की शादी की खबरों से सोशल मीडिया भर गया। ये एक्ट्रेस कोई और नहीं बल्कि श्रद्धा कपूर हैं। बीते कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर खबरें चल रही हैं कि श्रद्धा कपूर अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड राहुल मोदी के साथ शादी जल्दी ही शादी के बंधन में बंधने वाली हैं। अब इस खबर पर उनके भाई सिद्धांत कपूर का भी रिएक्शन आ गया है।



दरअसल, बीते कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर ऐसी खबरें थीं कि श्रद्धा कपूर अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड राहुल मोदी के साथ उदयपुर में डेस्टिनेशन वेडिंग करने जा रही हैं। अब इन खबरों पर श्रद्धा के भाई सिद्धांत कपूर का भी रिएक्शन आ गया है और अपने रिएक्शन में सिद्धांत ने इस खबर को सिरे से नकार दिया है। सिद्धांत ने ऐसी एक पोस्ट पर कमेंट कर अपना रिएक्शन दिया। जिसमें उन्होंने हंसने वाली और हैरान रह जाने वाली इमोजी के साथ लिखा, 'ये तो मेरे लिए भी न्यूज़ है'।

### भाई ने कर दिया साफ

अब सिद्धांत के इस कमेंट से ये तो साफ हो गया है कि श्रद्धा फिलहाल शादी करने के मूड में नहीं हैं। लेकिन उनके फैंस को उनकी शादी का इंतज़ार बड़ी बेसब्री से है। बता दें कि श्रद्धा कपूर और राहुल मोदी के डेट करने की खबरें साल 2024 में तब सामने आई जब दोनों को मुंबई में साथ में स्पॉट किया गया। इसके बाद से ही दोनों कई पार्टीज़ और फिल्म स्क्रीनिंग्स पर साथ में नज़र आते रहते हैं।

### वर्कफ्रंट की बात करें तो

बात करें श्रद्धा के वर्कफ्रंट की तो श्रद्धा की आखिर फिल्म 'स्त्री 2' आई थी जो पहले पार्ट की तरह ही सुपरहिट रही थी। वहीं अभी भी श्रद्धा के पास कई फिल्में हैं। हाल ही में उन्होंने 'ईथा' की शूटिंग पूरी की है और अब वो 'नागिन' के सुपरनेचुरल किरदार में नज़र आएंगी। इसके अलावा 'स्त्री 3' की चर्चा भी ज़ोरों पर है। हालांकि इसी के साथ फैंस श्रद्धा को दुल्हन बनते हुए भी देखना चाहते हैं।

# भावेश, आन्या, दिविना और वैदेही ने जीता खिताब

## मप्र राज्य रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट का समापन, अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता महाजन भी सम्मानित

**इंदौर।** मेजबान इंदौर के खिलाड़ियों ने प्रभावी प्रदर्शन करते हुए इट्ठल दास स्मृति मध्य प्रदेश राज्य रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट के अधिकांश वर्गों में पदक जीते। स्पर्धा के पुरुष एकल वर्ग में भावेश गौड़ चैंपियन बने जबकि महिलाओं में इंदौर की आन्या चौबे ने ट्राफी जीती। भावेश ने पुरुष युगल वर्ग में भी जीत दर्ज करते हुए दोहरी सफलता हासिल की। इंदौर की दिविना धूपर और ग्वालियर की वैदेही शिंदे भी विजेता बनीं।

स्पर्धा का पुरस्कार वितरण मप्र उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ के जज सुबोध अभ्यंकर और संभागायुक्त सुदाम खाडे के आतिथ्य में किया गया। इस दौरान अखिल भारतीय टेनिस संघ के महासचिव अनिल धूपर, संघमित्र गढ़पाले, आशा थोरात, अनिल महाजन, बीएस छाबड़ा, अर्जुन धूपर भी उपस्थित थे। स्पर्धा के समापन के दौरान वर्ष 2025 की रैंकिंग घोषित करते हुए खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। विश्व मास्टर्स चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए कांस्य पदक जीतने वाले इंद्रकुमार महाजन को भी सम्मानित किया गया। इस प्रतिष्ठित स्पर्धा में महाजन मध्य प्रदेश से एकमात्र खिलाड़ी थे।

मध्य प्रदेश टेनिस संघ के तत्वावधान में इंदौर रेसीडेंसी क्लब में आयोजित टूर्नामेंट में पुरुष एकल फाइनल में भोपाल के भावेश गौड़ ने अपना जोरदार प्रदर्शन जारी रखते हुए ग्वालियर के रूद्र बाथम को सीधे सेटों में 6-2, 6-1 से पराजित किया। महिला एकल वर्ग का फाइनल इंदौर की दो बेटियों के बीच हुआ। आन्या चौबे के सामने अनुभवी गणेशी आनिया की चुनौती थी। आन्या चौबे ने आक्रामक खेल दिखाते हुए सीधे सेटों में 6-1, 6-4 से मुकाबला जीता। बालिका अंडर-12 आयु वर्ग के फाइनल में भी इंदौर की ही दोनों खिलाड़ियों में टक्कर हुई। दिविना धूपर ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए ऐशवी जैन को 6-1, 6-4 से हराकर विजेता ट्रॉफी हासिल की। इसी आयु के बालक वर्ग में भी इंदौर के ही खिलाड़ी फाइनल में पहुंचे। शहर के अद्विथ भार्गव ने अपने ही शहर के रेयांश पटेल को 6-1, 6-2 से हराया। बालिकाओं के अंडर-14 आयु वर्ग के खिताबी मुकाबले में ग्वालियर की वैदेही शिंदे का सामना भोपाल की राधा माहेश्वरी से हुआ। वैदेही ने मैच में अपने अनुभव का बखूबी इस्तेमाल करते हुए विपक्षी खिलाड़ी को कोई मौका नहीं दिया और यह मैच बिना कोई अंक गंवाए 6-0, 6-0 से जीत लिया। इसी आयु के बालकों के फाइनल में इंदौर के त्रिशर धवन ने इंदौर के ही अद्विक गुरु को सीधे सेटों में 6-2, 6-1 से पराजित किया।

# विद्युत हादसे रोकने के लिए आज से रोको-टोको अभियान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मप्र पश्चिम क्षेत्र कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह के निर्देश एवं मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान के मार्गदर्शन में विद्युत संबंधी हादसों में व्यापक स्तर पर कमी लाने के सघन प्रयास किए गए है।

इसी क्रम में आज से 26 जनवरी तक रोको टोको अभियान का संचालन किया जाएगा। यह अभियान इंदौर, उज्जैन, देवास, रतलाम समेत कंपनी क्षेत्र के सभी 15 जिलों में संचालित होगा। इस दौरान लाइन कर्मचारियों को विद्युत सुरक्षा के पूर्ण मापदंडों के साथ कार्य करने, उपकरणों के उपयोग के बाद ही करंट संबंधी कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। सभी कर्मचारी, अधिकारी सुरक्षा मापदंडों के पालन के लिए प्रयास सकेंगे, यदि कोई लाइन, तकनीकी कर्मचारी लापरवाही करता हैं तो उसे रोकेंगे, टोकेंगे। इसकी सूचना वरिष्ठ कार्यालय को दी जाएगी, ताकि लापरवाही के साथ ही हादसें भी रूके। रोको टोको अभियान 15 जिलों के 434 बिजली वितरण केंद्रों के साथ ही उच्चदाब संधारण शाखा, एसटीसी, एसटीएम शाखा के कार्मिकों के लिए भी लागू रहेगा।

# इनामी कबड्डी स्पर्धा की तैयारियां जोरों पर

**इन्दौर।** देशी खेलो को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मालवा कलां अकादमी द्वारा 20 से 22 जनवरी तक पालदा के तीन ईमली चौराहे (बस स्टेशन) में ओपन नगद इनामी कबड्डी स्पर्धा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस स्पर्धा की तैयारियां जोर-शोर से जारी है।

मालवा कला अकादमी के अध्यक्ष मनोज वर्मा ने बताया कि मैचो के लिए मेट वाला मैदान बनाया जा रहा है ताकि खिलाड़ी चोटिल न हो। इस स्पर्धा में पुरूष व महिला वर्गो के अलग-अलग मुकाबले होंगे। फेडरेशन अनुभवी ऑफिसियल स्पर्धा स्थल का दौर कर लिया है। सभी मुकाबले शाम 7 बजे से खेले जाएगे इसलिए दुधिया रोशनी के लिए टॉवर लगाए जा रहे है। दर्शको के लिए बैठक व्यवस्था भी की जा रही है। इस स्पर्धा में पुरूष वर्ग में विजेता टीम को अकार्षक ट्रॉफी के साथ ग्यारह हजार तथा उपविजेता को पांच हजार की ईनामी राशि दी जावेगी। महिला वर्ग में विजेता को पांच हजार तथा उपविजेता को तीन हजार रूपये की राशि प्रदान की जाएगी। स्पर्धा में इन्दौर की बाहर की टीमें भी भाग लेने आ रही है। मालवा कला अकादमी का उद्देश्य हमेशा से ही खेलो को बढ़ावा देने का रहा है और लगातार कई वर्षो से खेलों के अनेक आयोजन सफलता पूर्वक किए गए है। कुश्ती के बाद पहली बार पालदा क्षेत्र में कबड्डी का भव्य आयोजन हो रहा है।

# देव्ज एकेडमी की आसान जीत



घनिष्ठ जसोदिया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

आईडीसीए द्वारा आयोजित एवं एमपीसीए द्वारा प्रायोजित एमपीसीए ए ग्रेड अंडर-13 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत देव्ज एकेडमी एवं विजय क्लब के मध्य मैच खेला गय जिसमें विजय क्लब ने पहले खेलते हुए 29 ओवरो में सभी विकेट खोकर 110 रन बनाये। प्रणय चौहान एवं आशय अग्रवाल ने 3-3 विकेट लिये। जवाब में देव्ज एकेडमी की टीम ने 19 ओवरो में 2 विकेट के नुकसान पर 111 रन बनाकर यह मैच 8 विकेट से आसानी से जीत लिया । घनीष्ठ जसोदिया ने नाबाद 50 रन बनाये ।



### रूद्रराज की घातक गेंदबाजी

**इसी** स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एसएस कम्यून एवं आरबीसीएफ के मध्य खेला गया जिसमें एसएस कम्यून ने पहले खेले हुए 42 ओवरो में सभी विकेट खोकर 158 रन बनाये रूद्रराज ने 40 रन एवं अरस्तु चौधरी ने 35 रन बनाये । रिधान, अंश एवं प्रत्युश ने 2-2 विकेट लिये । जवाब में आरबीसीएफ की टीम ने 14 ओवरो में मात्र 49 रन बनाकर सभी विकेट खो दिये और यहमैच 109 रनों से हार गई । रूद्रराज ने घातक गेंदबाजी की और दोहरा प्रदर्श करते हुए 2.3 ओवरो में बिना कोई रन दिये 5 विकेट लियें।

### आयसीसी की शानदार जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच आयसीसी एवं महू स्पोटस के मध्य खेला गया जिसमें महू स्पोर्टस ने पहले खेलते हुए 33 ओवरो में 113 रन बनाये । सिद्धांत सोनी ने 45 रन बनाये। अर्श मिश्रा एवं महन नरूला ने 4-4 विकेट लिये । जवाब में आयसीसी की टीम ने 14 ओवरो में 1 विकेट खोकर 114 रन बनाकर यह मैच 9 विकेट से जीत लिया । राजवीर जीराती ने नाबाद 66 रन एवं पार्थ मुकाती ने नाबाद 26 रन बनाये।



अर्श मिश्रा, महन नरूला एवं राजवीर जिराती

### श्रीराम स्पोट्र्स की आसान जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच श्रीराम स्पोटस एवं इंदौर कोल्टस के मध्य खेला गया जिसमें इंदौर कोल्टस ने पहले खेलते हुए 19 ओवरो में सभी विकेट खोरक 50 रन बनाये। अनय पाटीदार एवं इजान खान ने 3-3 विकेट लिये । जवाब में श्रीराम स्पोटस ने 6 ओवरो में 1 विकेट खोकर 53 रन बना लिये और यह मैच 9 विकेट से जीत लिया । भव्य गोठी ने नाबाद 23 रन बनाये।

# म्यूजिकल ग्रुप का आयोजन होगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** साज और आवाज म्यूजिकल ग्रुप द्वारा संगीत की शाम का आयोजन 16 जनवरी को शाम 6 बजे हिंदी साहित्य समिति पर रखा गया है। नए कलाकारों को मौका मिलेगा। गीत-संगीत पर डांस भी किए जाएंगे। पूर्णिमा होलकर, श्रीचंद्र सचदेवा, सुनीता दागडे, बबन ठक्कर, विजय अरोड़ा, मनोज दुबे, गिरिश बाजपेई, लीना श्रीवास, प्रगति भार्गव, रेनू राठौर, रजनी बोरासी प्रस्तुति देंगे। गोविन्द दुबे, कैलाशचंद्र राय अपनी भूमिका निभाएंगे।

# हरमनप्रीत कौर ने छू लिया 1000 रनों का पहाड़

**मुंबई।** वुमेंस प्रीमियर लीग यानी डब्ल्यूपीएल में 1000 या इससे ज्यादा रन बनाने के मामले में हरमनप्रीत कौर ने इतिहास रच दिया है। भारतीय कप्तान मुंबई इंडियंस टीम की कप्तानी की कर रही हैं और उन्होंने एक ऐसा रिकॉर्ड इस लीग में अपने नाम कर लिया है, जो अभी तक कोई अन्य भारतीय बल्लेबाज हासिल नहीं कर पाया है। हरमनप्रीत कौर एकमात्र भारतीय बल्लेबाज बन गई हैं, जिन्होंने डब्ल्यूपीएल में 1000 से ज्यादा रन बनाए हैं। इसके अलावा उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज मेग लैनिंग और दमदार ऑलराउंडर एलिस पैरी को पीछे छोड़ दिया है। ओवरऑल वह 1000 प्लस रन बनाने वाली दूसरी



क्रिकेटर हैं। हरमनप्रीत कौर ने मंगलवार 13 जनवरी को गुजरात जायंट्स के खिलाफ खेले गए मैच में 43 गेंदों में 71 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। इसी दौरान हरमनप्रीत कौर भारत की पहली क्रिकेटर बन गईं, जिन्होंने वुमेंस प्रीमियर लीग में 1000 से ज्यादा रन बनाए हैं। हरमनप्रीत कौर से पहले ये कारनामा सिर्फ नेट स्कीवर ब्रंट ने किया है, जो इस समय 1101 रनों के साथ डब्ल्यूपीएल के इतिहास की सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज हैं।

## डब्ल्यूपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा रन

नेट स्कीवर ब्रंट - 1101 रन
हरमनप्रीत कौर - 1016 रन
मेग लैनिंग - 996 रन
एलिस पैरी - 972 रन
शेफाली वर्मा - 887

दाएं हाथ के बल्लेबाज हरमनप्रीत कौर के रनों की संख्या डब्ल्यूपीएल में 1016 हो चुकी है। इस मैच से पहले तक हरमनप्रीत कौर 945 रनों के साथ टॉप 3 से बाहर थीं, लेकिन 71 रनों की पारी से उन्होंने चौथे पायदान से सीधे दूसरे पायदान पर छलांग लगाई है। शेफाली वर्मा 887 रनों के साथ लिस्ट में पांचवें नंबर पर हैं, जो कि इस लिस्ट में दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली भारतीय बल्लेबाज हैं। 30 मैचों की 29 पारियों में हरमनप्रीत कौर ने 1016 रन 46.18 के औसत और 146.18 के स्ट्राइक रेट से बनाए हैं। टॉप 4 में सबसे ज्यादा स्ट्राइक रेट हरमनप्रीत कौर का ही है। टॉप 5 की बात करें तो शेफाली वर्मा सबसे आगे हैं।

इन्दौर नगर पालिक निगम

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती सारिका पति अमित बंसल** पता 10 कुंवर मंडली 201 बाबा रामदेव अपार्टमेंट इन्दौर झोन क्र. 03 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1000894763 पर आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.03 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 03**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

इन्दौर नगर पालिक निगम

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती सारिका पति अमित बंसल** पता 10 कुंवर मंडली 101 बाबा रामदेव अपार्टमेंट इन्दौर झोन क्र. 03 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1000894762 पर आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.03 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 03**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

# जया, नायशा, तिविषा, निहिरा, श्रेया, शिवांश, अथर्व, त्रिशिर, रोशन क्वार्टर फाइनल में

इंदौर । लविका डोदिया, नायशा पुरोहित, तिविशा जैन, श्रेया अंग्रवाल, रिद्धिमा सूद,जया यादव, निहिरा पटोा-दिया और ओमिशा मेहता ने सरताज अकादमी द्वारा आयोजित 17वीं योनेक्स सनराइज विद्यालयीन खुली बैडमिंटन स्पर्धा में 15वर्ष बाा-लिका एकल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई । नगर भाजपा उपाध्यक्ष, सरताज अकादमी के दीपेंद्र सिंह सोलंकी ने 15और 17 वर्ष बालिका सब जूनियर मुकाबले की शुरुआत की ।

अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी में हो रही स्पर्धा में हर्षवर्धन सिंह, अथर्व सुख रासी, त्रिशिर पाटीदार, शिवांश शर्मा, अर्णव गौर, चंद्रकांत विश्वकर्मा, रोशन जिबिन और आदर्श पवार ने 15 वर्ष बालक एकल के क्व-वार्टर फाइनल में प्रवेश किया । मेहर आंनद, भव्य चढोकर, शिवांश सुनेरे, चंद्रकांत विश्वकर्मा, शिवांश शर्मा, आर्जव मरघदे, भव्य चढोकर और हार्दिक धुलिये 17 वर्ष बालक एकल के क्वार्टर फाइनल में आए । अर्ना बत्रा, दिव्या गुर्जर 17 वर्ष बालिका एकल के अंतिम आठ में हैं, 13वर्ष बालिका एकल में तिविशा जैन और अनुष्का चक्रवादिया क्वार्टर फाइनल में आई ।

सबजूनियर मुकाबले की शुरुआत नगर भाजपा उपाध्यक्ष



दीपेंद्र सिंह सोलंकी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए की । मुख्य निर्णायक धर्मेश यशलहा ने संचालन किया, अतिथि स्वागत अंकित शुक्ला और हर्ष सरग ने किया, सरताज अकादमी के धर्मेश यशलहा और अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी के अंकित शुक्ला ने स्मृति चिन्ह प्रदान किया । दीपेंद्र सोलंकी ने कहा कि बच्चों के लिए खेलों का बहुत अधिक मह-त्व है, उनका शरीर तंदरुस्त रहता हैं और मेल-मिलाप, संघर्ष क्षमता बढ़ती हैं । 15वर्ष बालक एकल के दूसरे दौर में शिवांश शर्मा ने प्रखर राठोर को 15-8,15-7 से, त्रिशिर पाटीदार ने आदेश कटारे को 15-3,15-7 से, अथर्व सुखरासी ने आरुष आर्य को 15-7, 11-15, 15-11 से हराया, रोशन जिबिन ने आकाश शर्मा को 15-10,15-5 से और हर्षवर्धन सिंह ने हितांश रमनानी को 15-1,15-6 से पराजित किया । 15वर्ष बालिका एकल के दूसरे दौर में जया यादव ने पहल चढोकर को 15-7,15-4 से, लविका डोा-दिया ने चौथे क्रम की कृषा सोल-की को 15-9, 12-15,15-10 से और नायशा पुरोहित ने हिमांशी वर्मा को15-7,15-2 से हराया । तिविष जैन ने झलक तलरेजा को 15-7,15-4 से और निहिरा पटोदिया ने सनायना सोनी को 15-12,15-9 से हराया । 17 वर्ष बालक एकल के पहले दौर में भव्य चढोकर ने गुनित पाटिल को15-5,15-7 से शिवांश सुनेरे ने जपजोत सिंह बग्गा को 15-5,15-8 से, आर्जव मरगदे ने अर्णव पवार को 15-8,15-11 से और चंद्रका-ंत विश्वकर्मा ने भावेश खिल्लारी को 15-5,15-4 से पराजित किया ,17 वर्ष बालिका एकल में श्रेया अंग्रवाल ने जीरापुर की अनुश्री अग्रवाल को 15-12,12-6 से, राजगढ़ -ब्यावरा की अर्निका चौहान ने डकाच्या की चैताली परमार को15-6,15-10 सेऔर दिव्या गुर्जर ने महू की देविशी केलौत्रा को 15-10,15-10 से हराया । 14 जनवरी को क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल एवं युगल मुकाबले होंगे।

## न्यूज इन बॉक्स

### मां कनकेश्वरी क्लब की शानदार जीत

इन्दौर। आईडीसीए के तत्वावधान में एमवायसीसी द्वारा आयोजित एमवायसीसी ए ग्रेड स्पर्धा के अंतर्गत एमकेसीसी एवं आरबीसीएफ के मध्य खेला गया जिसमें एमकेसीसी ने पहले खेलते हुए 47 ओवरो में सभी विकेट खोकर 270 रन बनाये। कुणाल मीणा ने शानदार 109 रन एवं पंकज शर्मा ने 51 रन बनाये। आदित्य जॉली ने 4 विकेट लिये । जवाब में आरबीसीएफ की टीम 24 ओवरो में 82 रनों पर सिमट गई और यह मैच 188 रनों से हार गई । शिवांश एवं विवेक तिवारी ने 3-3 विकेट लिये ।



### आज राजकोट में मैच, कल इंदौर आएंगी टीमें

## रविवार को भारत और न्यूजीलैड सीरीज का तीसरा मैच

इन्दौर। भारत और न्यूजीलैंड के मध्य खेली जा रही तीन वनडे मैचों की सी-रीज का दूसरा मैच आज राजकोट में खेला जा रहा है। इस मैच की समाप्ती के बाद कल भारत और न्यूजीलैड की टीमें इंदौर के लिए रवाना होगी। दोनों टीमें कल विश्राम करेंगी और फिर 16 और 17 जनवरी को होलकर स्टेडियम पर अभ्यास करेगी। भारतीय टीम में शामिल रोहित शर्मा और विराट कोहली को देखने के लिए इंदौरी क्रिकेटप्रेमी लालायीत है। मैच देखने के लिए क्रिकेटप्रेमी किसी भी हद तक जाने को तैयार नजर आ रहे है।

### खूब हो रही टिकट ब्लैक, 800 वाला टिकट 5 हजार में

टिकट ब्लैक होने का सिलसिला जारी है । मैच का दिन जैसे-जैसे पास आ रहा है, वैसे-वैसे टिकटों की डिमांड और तेज होती जा रही है। कई लोग भारी ऊंची कीमत में टिकटों की बिक्री कर रहे है। जानकारी के मुताबिक कुछ लोग 800 वाला टिकट 5 हजार या उससे भी अधिक कीमत पर बेच रहे है, और क्रिकेट प्रेमी इन्हें खरीद भी रहे है। सोशल मीडिया पर भी ये टिकट बेचे जा रहे है। कई लोगों ने अपने स्टेटस पर टिकटों के फोटो लगा रखे है और लिखा है इन्हें बेचना है।

# श्रेयस रहे हैं पिछली 20 पारियों में टॉप स्कोरर

राजकोट । भारत और न्यूजीलैंड के बीच एकदिवसीय श्रृंखला का दूसरा मुकाबला आज राजकोट के मैदान पर खेला जाएगा। दोपहर 1:30 बजे शुरू होने वाले इस मैच में क्रिकेट प्रशंसकों की नजरें न केवल भारत की जीत पर होंगी, बल्कि टीम के दो प्रमुख बल्लेबाजों विराट कोहली और श्रेयस अय्यर के बीच चलने वाली एक दिलचस्प आंतरिक प्रतिस्पर्धा पर भी टिकी होंगी। यह मुकाबला तय करेगा कि मौजूदा दौर में वनडे क्रिकेट का सबसे प्रभावी बल्लेबाज कौन है।

टीम इंडिया के इन दो धाकड़ खिलाड़ियों के बीच रनों की जबरदस्त जंग छिड़ी हुई है। आपको यह जानकर हैरानी हो सकती है कि पिछली 20 वनडे पारियों में श्रेयस अय्यर ने रनों के मामले में 'रन मशीन' विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया है। अय्यर ने अपनी पिछली 20 पारियों में 1030 रन बनाए हैं, जबकि कोहली 1024 रनों के साथ उनके बेहद करीब हैं। इन दोनों के बीच मात्र 6 रनों का अंतर है, वहीं कप्तान रोहित शर्मा 927 रनों के साथ तीसरे पायदान पर हैं। राजकोट की पिच पर जो भी खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करेगा, वह इस रेस में शीर्ष पर पहुंच जाएगा।

राजकोट वनडे श्रेयस अय्यर के लिए इतिहास रचने का एक सुनहरा अवसर होगा। अय्यर को एकदिवसीय




क्रिकेट में अपने 3000 रन पूरे करने के लिए केवल 34 रनों की दरकार है। यदि वह बुधवार को यह आंकड़ा छू लेते हैं, तो वह पारियों के लिहाज से भारत के लिए सबसे तेज 3000 वनडे रन बनाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। वर्तमान में यह रिकॉर्ड शिखर धवन के नाम है जिन्होंने 72 पारियों में यह मुकाम हासिल किया था, जबकि विराट कोहली को यहां तक पहुंचने में 75 पारियां लगी थीं। अय्यर यह आंकड़ा अपनी 69वीं पारी में हासिल कर एक नया कीर्तिमान स्थापित कर सकते हैं।

अब भारतीय वनडे क्रिकेट में रोहित शर्मा और विराट कोहली के साथ श्रेयस अय्यर का नाम भी प्रमुखता से लिया जाने लगा है, जिन्हें 'न्यू बिग थ्री' के रूप में देखा जा रहा है। पिछले दो आईसीसी वनडे टूर्नामेंटों के आंकड़ों पर गौर करें तो विराट कोहली ने 918 रन और रोहित शर्मा ने 777 रन बनाए हैं, वहीं अय्यर 773 रनों के साथ इनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। श्रेयस अय्यर अब भारतीय टीम की वनडे टीम के मजबूत स्तंभ बन चुके हैं और नंबर 4 पर उनकी भूमिका टीम के लिए बेहद अहम है।

### मेडिकेप्स स्कूल में खेलो एम.पी. यूथ गेम्स के चयन ट्रायल

इंदौर। 16 जनवरी को मेडिकेप्स इंटरनेशनल स्कूल में खेलो एम पी यूथ गेम्स के अंतर्गत मेडी-कैप्स इंटरनेशनल स्कूल (राऊ) में खेलो एमपी के लिए चयन प्रक्रिया 16 जनवरी सुबह 10 बजे से शुरू होगी। जिसमें बैडमिंटन, टेनिस, टेबल टेनिस, हॉकी, जूडो, शतरंज, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल व अन्य खेलो के चयन ट्रायल आयोजित की जा रही है जो भी खिलाडी चयन प्रक्रिया मे शामिल होना चाहते है वह कृपया अपने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं सत्यापित प्रमाण पत्र के साथ सुबह 10 बजे मेडिकेप्स स्कूल में लीना श्रीवास खेल युवा कल्याण विभाग ब्लॉक समन्वयक इंदौर, भावेश बुंदेला, वेद प्रकाश तिवारी से संपर्क करे।

### खेल महोत्सव के तहत क्रिकेट स्पर्धा जारी

इंदौर। बिजली कार्मिकों के खेल महोत्सव के तहत जारी क्रिकेट स्पर्धा के दौरान पोलोग्राउंड स्थित मैदान में क्रिकेट मुकाबलों का आगाज मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान व अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ। महोत्सव में बैडमिंटन, कैरम, टेबल टेनिस, शतरंज, क्रिकेट, कबड्डी, वालीब-ॉल समेत 9 खेलों के मुकाबलों में 400 कर्मचारी व अधिकारी भाग ले रहे हैं।

# रोहित और विराट के गौतम गंभीर से मतभेद की खबरें पूरी तरह गलत

राजकोट । भारतीय क्रिकेट टीम में पिछले कुछ समय से दिग्गज खिलाड़ी रोहित शर्मा, विराट कोहली और हेड कोच गौतम गंभीर के बीच मतभेदों की खबरें सोशल मीडिया पर छाई हुई थीं। विशेष रूप से टेस्ट क्रिकेट से इन दोनों दिग्गजों के अचानक संन्यास लेने के बाद यह कयास लगाए जाने लगे कि टीम मैनेजमेंट और सीनियर खिलाड़ियों के बीच 'कम्युनिकेशन गैप' यानी संवाद की कमी है। सोशल मीडिया पर कई रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया कि हेड कोच और इन दो बड़े खिलाड़ियों के बीच रिश्ते सामान्य नहीं हैं, जि-सने आगामी सीरीज से पहले फैंस के बीच चिंता पैदा कर दी थी। हालांकि, टीम इंडिया के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने इन सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए स्थिति स्पष्ट कर दी है। राजकोट में होने




वाले दूसरे वनडे से पहले मीडिया से बात करते हुए कोटक ने कहा, 'रोहित शर्मा और विराट कोहली के गौतम गंभीर से मतभेद की खबरें पूरी तरह गलत हैं। दोनों सीनियर खिलाड़ी टीम मैनेजमेंट के संपर्क में हैं और भविष्य की योजनाओं में शामिल रहते हैं।' कोटक ने साफ तौर पर फैंस को सोशल मीडिया की अफवाहों को नजरअंदाज करने की सलाह दी है।

कोच कोटक ने इन खिलाड़ियों के प्रोफेशनलिज्म पर जोर देते हुए बताया कि रोहित और विराट न केवल गौतम गंभीर बल्कि पूरे सपोर्ट स्टाफ के साथ लगातार बातचीत करते हैं और आने वाले दौरों की रणनीति बनाने में योगदान देते हैं। उन्होंने कहा, 'वे जानते हैं कि उन्हें अपने शरीर, फिटनेस और बल्लेबाजी के लिए क्या चाहिए।






# विधायक की बस को टक्कर के बाद किया आग के हवाले





***आज सुबह हुई ब्रिज के समीप घटना, बाइक सवार बस में फंसा तो लोगों में दिखी नाराजगी, फायर ब्रिगेड पहुंचता तब तक अन्दर से बस पूरी तरह जलकर हो गई थी खाक***

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**राजकुमार ब्रिज से रेलवे स्टेशन की ओर उतरने वाले पुल मार्ग न्यू देवास रोड पर आज सुबह एक सड़क हादसा हो गया। यहाँ विधायक गोलू शुक्ला की एक यात्री बस के ड्राइवर ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसा इतना गंभीर था कि युवक बाइक सहित बस के नीचे फंस गया। इस घटना से गुस्साए लोगों ने मौके पर ही बस में आग लगा दी। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुँचकर स्थिति को संभाला।**

घायल युवक की पहचान संतोष पिता माणिकराव पण्डागरे (22) निवासी कुशवाह नगर के रूप में हुई है। संतोष मूल रूप से बैतूल का रहने वाला है और इंदौर में रहकर छावनी स्थित एक सर्विस सेंटर पर नौकरी करता है। आज सुबह जब वह अपनी बाइक से काम पर जा रहा था, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार यात्री बस ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद संतोष बस के नीचे बाइक सहित दब गया, जिससे उसके हाथ, पैर और सर में चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला। इस दौरान बस को न्यूटल कर थोड़ा आगे-पीछे किया गया था, तभी युवक और बाइक निकली थी और घायल युवक को तुरंत अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने कुछ फ्रेक्चर भी हाथ और सिर में बताए। जहां अस्पताल में उपचार भी जारी है। हादसे के बाद मौके पर तनाव की स्थिति बन गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस चालक की लापरवाही देख वहां मौजूद भीड़ का गुस्सा फूट पड़ा। कुछ अज्ञात लोगों ने बस में आग लगा दी और मौके से फरार हो गए। कुछ लोगों का कहना था कि बस में जब बाइक और युवक फंसा तब चिंगारी निकली और आग लग गई। वहां मौजूद कुछ विद्यार्थी और अन्य लोगों का कहना था कि आग लगाई गई है। बस सांवेर से इंदौर की ओर आ रही थी, आग इतनी भीषण थी कि वहां लगे पेड़ को भी आग ने चपेट में लिया। इस दौरान इस बस में सांवेर की सवारियां थी इसलिए सामान नहीं थी, दुर्घटना के बाद सवारिया नीचे उतर गई थी और ड्रायवर भी गाड़ी से कूदकर भाग गया था। ऐसा वहां खड़े लोगों ने बताया। उल्लेखनीय है कि विधायक शुक्ला की बस से बीते कुछ महीनों में हादसे हो चुके हैं, इसी को लेकर लोगों में नाराजगी थी। आग बस में अन्दर लगी और सीटो में फॉम होने की वजह से कुछ ही मिनटों में बस अन्दर से पूरी तरह जलकर खाक हो गई। बाहर बस में ज्यादा आगजनी से नुकसान नहीं हुआ है, फायर ब्रिगेड ने आकर आग पर नियंत्रण कर लिया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुँचे। डीसीपी राजेश व्यास के मुताबिक, दुर्घटना के बाद बस में आग लगाने की जानकारी मिली है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आग लगाने वालों की पहचान की जा सके। फिलहाल, घायल युवक का इलाज जारी है और पुलिस ने बस ड्राइवर के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 1.19 करोड़ लेकर डकार गए प्लॉट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**चंदन नगर इलाके में जमीन की खरीद-फरोख्त में करोड़ों की जालसाजी का मामला सामने आया है। एक आरोपी ने कीमती भू-खंड का सौदा कर फरियादी से 1 करोड़ 19 लाख रुपए ले लिए, लेकिन बाद में अमानत में खयानत करते हुए फर्जी दस्तावेजों के सहारे वही जमीन दूसरे व्यक्तियों को बेच दी। पुलिस ने लंबी जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है।**



## फर्जी दस्तावेजों से दूसरे को बेची जमीन

चंदन नगर पुलिस के मुताबिक, फरियादी मुदस्सर पिता मुस्तकीम नागोरी की शिकायत पर आरोपी मोहम्मद फारूक पिता नूर मोहम्मद निवासी चंदन नगर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मुदस्सर ने बताया कि 7 अगस्त 2025 को आरोपी ने चंदन नगर सेक्टर बी स्थित अपने 1200 वर्गफीट के प्लॉट का सौदा उनके साथ किया था। सौदे की तय रकम 1 करोड़ 19 लाख रुपए फरियादी द्वारा आरोपी को पूरी तरह अदा कर दी गई थी।पूरी राशि हड़पने के बाद आरोपी मोहम्मद फारूक की नीयत खराब हो गई। उसने मुदस्सर के पक्ष में रजिस्ट्री करने के बजाय उक्त भू-खंड के फर्जी दस्तावेज तैयार किए और जमीन को अज्जू उर्फ कबाड़ी व टम्मो नामक व्यक्तियों के नाम हस्तांतरित कर दी। जब फरियादी को इस धोखे का पता चला, तो उन्होंने पुलिस की शरण ली।चंदन नगर पुलिस ने फरियादी द्वारा सौंपे गए बैंक ट्रांजेक्शन और अन्य दस्तावेजों की बारीकी से जांच की। जांच में धोखाधड़ी की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने आरोपी मोहम्मद फारूक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस अब इस मामले में शामिल अन्य संदिग्धों की भूमिका की भी जांच कर रही है और आरोपी की तलाश जारी है।बताया जा रहा है कि आरोपी फारूक के खिलाफ पूर्व में भी अपराध दर्ज है।द्वारकापुरी और चंदननगर थाने में पहले भी उसके खिलाफ धोखाधड़ी के केस दर्ज हो चुके है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।